

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 256

ग्वालियर, रविवार 05 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## कानपुर हिंसा मामले में पुलिस को बड़ी सफलता, मास्टरमाइंड हयात जफर हाशमी गिरफ्तार

### लखनऊ के हजरतगंज इलाके से किया गिरफ्तार



**कानपुर।** कानपुर में शुक्रवार को भड़की हिंसा मामले में लखनऊ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हिंसा का मास्टरमाइंड हयात जफर हाशमी को लखनऊ के हजरतगंज इलाके से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल लखनऊ पुलिस हाशमी से पूछताछ में जुटी है। हाशमी पर आरोप है कि उसने फेसबुक पोस्ट के द्वारा लोगों को कानपुर में बाजार बंद करने और जेल भरो आंदोलन की अपील की थी। हाशमी को कानपुर में पोस्टर लगावाने का आरोप लगा है। वहीं हाशमी के गिरफ्तारी के बाद उसकी पत्नी और परिवार के लोगों ने दावा किया है, कि जफर को फंसाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनवरगंज थाने में अधिकारी के सामने हाशमी ने बंद का ऐलान वापस ले लिया था। बात दें कि सीएम योगी की सख्ती के बाद पुलिस ने 40 नामजद सहित 1000 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। हिंसा के दौरान 20 से अधिक वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। वहीं देर रात तक 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस की 10 टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ दबिश दे रही है। वहीं पुलिस ने अभी तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ अपमानजनक' टिप्पणियों के विरोध में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद यहां हिंसा भड़क गई थी!

# शोपियां में प्रवासी श्रमिकों पर आतंकियों ने दागा ग्रेनेड, दो जख्मी, तलाश जारी

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में गैर कश्मीरियों और हिंदू अल्पसंख्यकों पर लक्षित हमले जारी है अब दक्षिण कश्मीर के शोपियां में शुक्रवार रात को आतंकियों ने दूसरे राज्यों के श्रमिकों को एक बार फिर निशाना बनाया। इस बार उन्होंने पिस्तौल का इस्तेमाल नहीं किया बल्कि उन पर ग्रेनेड से हमला किया गया। इस हमले में दो श्रमिक जख्मी हुए हैं। हमले के बाद से ही सुरक्षाबलों ने घटनास्थल व उसके साथ लगते इलाकों में तलाशी अभियान छेड़ दिया था, जो आज सुबह भी जारी है। दो दिनों में कश्मीर में रह रहे अन्य राज्यों के श्रमिकों पर यह दूसरा हमला है।

आपको बता दें कि इससे पहले वीरवार की रात को आतंकियों ने चाडूरा में ईंट भट्ठा मजदूरों पर हमला किया था। इसमें बिहार के श्रमिक दिलखुश की मौत हो गई थी, जबकि एक अन्य जख्मी हो गया था। शोपियां में अगलर जैनपोरा में जवाहर नवोदय विद्यालय के पास दूसरे



राज्यों के काफी श्रमिक रहते हैं। बीती शुक्रवार रात करीब पौने 11 बजे आतंकियों ने वहां बाहर खड़े श्रमिकों को निशाना बनाते हुए ग्रेनेड हमला किया। इसमें हमले दो श्रमिक घायल हो गए।

धमाके की आवाज सुनकर आसपास मौजूद अन्य लोग और सुरक्षाबल मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घायल श्रमिकों को उसी समय उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने सेना व सीआरपीएफ के जवानों के साथ मिलकर घटनास्थल व उसके साथ सटे इलाकों की घेराबंदी कर आतंकियों की धरपकड़ के लिए एक तलाशी अभियान चलाया। पिछले चार दिनों में कश्मीर घाटी में टारगेट किलिंग के तहत यह चौथा हमला है। मंगलवार को आतंकियों ने कश्मीर के जिला कुलागाम में कार्यरत सांबा की महिला अध्यापक रजनी बाला को गोली मार दी थी। उसके दो दिन बाद यानी वीरवार को आतंकियों ने इलाका-ए-देहाती बैंक में बैंक मैनेजर के पद पर कार्यरत राजस्थान निवासी विजय कुमार की हत्या कर दी जबकि उसी दिन रात को आतंकियों ने चडूरा में दो श्रमिकों को निशाना बनाया, जिसमें एक की जान चली गई जबकि दूसरा घायल हो गया। अब चौथे दिन शुक्रवार देर रात को आतंकियों ने शोपियां में श्रमिकों पर हमला किया। इस बार आतंकियों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए दूर से ही श्रमिको निशाना बनाते हुए ग्रेनेड फेंका जिसमें दो श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए।

वहीं पुलिए के एक वरिष्ठ अधिकारी

## गृह मंत्री शाह बोले- घाटी में ही रहेंगे कश्मीरी हिंदू, अधिकारियों को दिए कड़े कदम उठाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में लक्षित हत्याओं पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। कश्मीर घाटी से हिंदुओं को बाहर नहीं निकाला जाएगा। घाटी में ही उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उच्च स्तरीय बैठक में इसके लिए तैयार रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। शाह ने सुरक्षा एजेंसियों को टारगेट किलिंग जैसी घटनाओं में शामिल आतंकियों और उनसे जुड़े ओवर ग्राउंड वर्कर्स के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ किया कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को पूरी तरह से समाप्त करना और सीमा पार से जीरो घुसपैठ का लक्ष्य हासिल करना सरकार की प्राथमिकता है। पिछले कुछ दिनों से कश्मीर घाटी में हिंदुओं को निशाना बनाए जाने की घटनाओं के बाद गृह मंत्रालय में हुई पहली उच्च स्तरीय बैठक में अमित शाह के साथ ही जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, एनएसए अजीत डोभाल, रा प्रमुख सामंत गोयल, आइबी प्रमुख अरविंद कुमार, थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, गृह सचिव अजय भल्ला और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। दो हफ्ते के भीतर जम्मू-कश्मीर के हालात पर अमित शाह की यह दूसरी उच्च स्तरीय बैठक थी। बैठक में सुरक्षा एजेंसियों की ओर से बताया गया कि बड़ी आतंकी वारदातों को अंजाम देने में विफल होने के बाद आतंकी हताशा में साफ्ट टारगेट को निशाना बना रहे हैं और यह काम युवाओं को पैसे देकर कराया जा रहा है। एजेंसियों ने भरोसा दिया कि पिछले साल अक्टूबर में वे इसी तरह के हाइब्रिड आतंकियों से निपटने में कामयाब रहे थे और इस बार भी उनपर लगाम लगाने में सफल होंगे। बैठक में भाग लेने आए जम्मू-कश्मीर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने टारगेट किलिंग को देखते हुए कश्मीर घाटी से हिंदुओं को बाहर निकाले जाने की मांग को खारिज कर दिया।

## किसान नेता राकेश टिकैत बोले- मेरी हत्या की हो रही साजिश

**मेरठ।** यूपी के मेरठ जिले में किसान नेता राकेश टिकैत ने शनिवार को मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा मेरे खिलाफ षड़यंत्र रच रही है। और मेरी हत्या कराना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी का निचला नेतृत्व इस तरह की हरकतों में लगा है। कर्नाटक में साजिश के तहत हमला किया गया, जिसमें मेरी जान भी जा सकती थी।



इस दौरान राकेश टिकैत ने बेंगलुरु में हुए स्याही प्रकरण पर भी बयान दिया। मेरठ के जगेठी गांव पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत भाजपा पर जमकर निशाना साधा। जहां राकेश टिकैत ने कहा जो मेरे साथ हुआ वह एक बीजेपी की साजिश थी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार मेरी हत्या कराना चाहती है। जी हां यह बड़ा बयान राकेश टिकैत में मेरठ में हुई एक पंचायत में दिया है। मीडिया से बातचीत करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कर्नाटक में जो मेरे ऊपर हमला हुआ है मैंने अपना हाथ आगे कर दिया अगर हाथ आगे नहीं बढ़ता तो हमलावर मेरे सिर में वार करता। इस दौरान राकेश टिकैत ने कहा कि उन पर हमला करने वालों को पुलिस ने गिरफ्तार किया हुआ है। कानून अपना काम करेगा। आपको बता दें कि भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता और किसान आंदोलन का बड़ा चेहरा रहे राकेश टिकैत पर कुछ दिन पहले बेंगलुरु में हमला हुआ था। एक शख्स ने उनके चेहरे पर स्याही फेंक दी थी। बता दें कि पिछले दिनों राकेश टिकैत के किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन में फूट की खबरें सामने आई थीं। बीकेयू के कुछ बड़े नेताओं ने नरेश टिकैत और राकेश टिकैत से अलग अपना नया संगठन बना लिया। साथ ही दावा किया कि उन्होंने टिकैत बंधुओं को संगठन से निकाल दिया है।



## राहुल गांधी का पीएम मोदी पर तंज, घर का पता लोक कल्याण मार्ग रखने से लोगों का भला नहीं होगा

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने पीएफ खाते में जमा राशि पर ब्याज दर घटाकर 8.1 प्रतिशत कर दिया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने खबर का स्क्रीनशॉट शेयर कर प्रधानमंत्री पर तंज कसा है। उन्होंने हिंदी में लिखा, घर का पता लोक कल्याण मार्ग रख लेने से लोगों का कल्याण नहीं होता। दरअसल, पिछली कांग्रेस की सरकार के समय तक पीएम के आवास का पता 7 रेस कोर्स रोड (7 आरसीआर) हुआ करता था, जिसे 2016 में बदलकर भाजपा सरकार ने 7 लोक कल्याण मार्ग रख लिया। राहुल ने लिखा कि प्रधानमंत्री ने साढ़े 6 करोड़ कर्मचारियों के वर्तमान और उनके भविष्य को बर्बाद करने के लिए महंगाई बढ़ाओ, कमाई घटाओ मॉडल को लागू किया है। कांग्रेस सांसद ने जो खबर शेयर की है उसमें बताया गया है कि ईपीएफओ ने अपना इंट्रेस्ट रेट 8.1 प्रतिशत कर दिया है जो 40 साल में सबसे कम है। 1977-78 में ईपीएफओ ने 8 प्रतिशत ब्याज दिया था। राहुल के ट्वीट में ब्याज दर का आंकड़ा भी दिखाया गया है।

## बाल-बाल बचे कामख्या-मुंबई (एलटीटी) एसी एक्सप्रेस के यात्री



### एक्सप्रेस ट्रेन से टकराई पोकलेन मशीन, हादसा टला

### रेलवे की बड़ी लापरवाही हुई उजागर

**मुंबई।** रेलवे की एक बड़ी लापरवाही उजागर हुई जब तेज रफ़्तार से पटरी पर दौड़ रही एक एक्सप्रेस ट्रेन से पोकलेन मशीन टकरा गई. गनीमत ये रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ. घटना शनिवार सुबह करीब पौने 11 बजे मुंबई से करीब 370 किलोमीटर दूर जलगांव-मनमाड के बीच पाचोड़ा रेलवे स्टेशन से पहले की है जब 12520 कामख्या-मुंबई (एलटीटी) एसी एक्सप्रेस हादसे की शिकार हो गई. जिसके चलते ट्रेन करीब दो घंटे तक पाचोड़ा रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही. इस दरम्यान सेकेंड एसी की एक बोगी ए-2 का एसी बंद रहने से दर्जनों यात्री परेशान रहे मगर उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था. सेकेंड एसी की एक बोगी ए-2 में अपने परिवार के साथ सफर कर रहे एक यात्री हेमनाथ झा ने समाचार एजेंसी ईएमएस को फोन पर बताया कि ट्रेन सुबह करीब 10 बजकर 25 मिनट पर जलगांव रेलवे स्टेशन से खुली और करीब 25 मिनट बाद बोगी में सवार सभी यात्रियों ने तेज धमाके की आवाज सुनी और कुछ ही सेकेंड में ट्रेन रुक गई. उन्हें पता चला कि रेलवे का काम कर रहा पोकलेन मशीन थर्ड एसी की बोगी बी-8 से टकरा गई जिसके चलते तेज धमाके की आवाज आई. घटना की जानकारी मिलने के बाद सभी यात्री घबरा गए और इस बीच ट्रेन की एसी भी बंद हो गई. करीब डेढ़ घंटे तक वहां ट्रेन रुकी रही और बाद में जब ट्रेन खुली तब उसे पाचोड़ा रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया. तब तक एसी बंद रही जिससे भीषण गर्मी में लोग परेशान रहे. आख़िरकार 4 घंटे की विलंब के बाद ट्रेन करीब दो बजे अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई. बहरहाल तेज रफ़्तार से दौड़ रही एक्सप्रेस ट्रेन के यात्रियों का भाग्य अच्छा था कि वे संभावित दुर्घटना से बाल-बाल बच गए. वहीं रेलवे की बड़ी लापरवाही भी उजागर हुई है।

## खास खबर

### सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता ने गृहमंत्री शाह से की मुलाकात, उच्च-स्तरीय जांच की मांग की

**चंडीगढ़।** पंजाबी सिंगर और नेता सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता ने शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान मूसेवाला के माता-पिता ने बेटे की हत्या मामले में एक उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है। यह मुलाकात 10-15 मिनट तक चली। दरअसल, सिद्धू मूसेवाला की 29 मई को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दरअसल केंद्रीय गृह मंत्री शाह के साथ पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के परिवार की मुलाकात का वीडियो साझा किया गया हैं। जिसके मुताबिक यह मुलाकात चंडीगढ़ में हुई। इस दौरान मूसेवाला के माता-पिता ने हत्या की उच्च-स्तरीय जांच कराने की मांग की है। इस मौके पर कई भाजपा पदाधिकारी भी दिखाई दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के अनुसार, सिद्धू मूसेवाला के परिवार ने पहले अमित शाह को पत्र लिखकर पंजाबी गायक की हत्या की केंद्रीय एजेंसियों से जांच कराने की मांग की थी।

### चीन ने मानव सहित अंतरिक्ष अभियान के लिए दल की घोषणा की

**बीजिंग।** चीन ने तीन सदस्यीय अंतरिक्ष यात्रियों के दल की घोषणा की जो शेनझोउ-14 अंतरिक्षयान से छह महीने के अभियान पर रवाना होगा। यह दल पृथ्वी का चक्कर लगा रहे चीन के अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा करेगा। चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएसएमए) ने कहा कि शेनझोउ-14 अंतरिक्षयान चेन डोंग, लिउ यांग और चाई शुझे को लेकर जाएगा जो निर्माणाधीन तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के साथ जुड़ जाएंगे। शेनझोउ-14 अंतरिक्षयान को उत्तर पश्चिमी चीन के जिकुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से रविवार को लॉन्ग मार्च-2एफ रॉकेट के जरिये अंतरिक्ष में भेजा जाएगा।

### कैलिफोर्निया के रेगिस्तान में लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत

**कैलिफोर्निया।** दक्षिणी कैलिफोर्निया के रेगिस्तान में नौसेना का एक लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट की मौत हो गई। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। नौसेना ने बताया की 'नेवल एयर स्टेशन लेमूर' से एक 'एफ/ए-18ई सुपर हॉर्नेट' उड़ान भरने के बाद दोपहर करीब 2:30 बजे सैन बर्नार्डिनो काउंटी में ट्रोना इलाके में नीचे गिर गया। हादसे में जमीन पर मौजूद किसी व्यक्ति को चोट नहीं आई। पायलट की पहचान और दुर्घटना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गयी। ट्रोना, एयर स्टेशन से लगभग 380 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में है। वर्ष 2019 में एक 'नेवी सुपर हॉर्नेट' नियमित प्रशिक्षण अभियान के दौरान 'डेथ वैली नेशनल पार्क' में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिससे पायलट की मौत हो गई।

### मलेशिया में सिंगल युवाओं के बीच टेबल फैन के सामने नमाज पढ़ने का ट्रेंड बढ़ा

**कुंलालमपुर।** मलेशिया में युवा मुसलमानों के बीच बेहद अजीब ट्रेंड चल पड़ा है। ट्रेंड के साथ मुसलमान युवक पंखे के साथ नमाज अदा करते हुए नजर आ रहे हैं। इस तरह के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वहीं वीडियो को लेकर एक अलग तरह की भ्रांति फैल रही हैं, कि लोग खासतौर पर सिंगल लोग एक टेबल फैन को अपना जीवनसाथी मानते हुए उसके साथ नमाज अदा करें। वहीं इस पूरे मामले पर मंत्री दातुक इदरीस ने लोगों से अपील की है कि लोग इस तरह के वीडियो बनाने वालों के खिलाफ धार्मिक अधिकारियों से शिकायत करें।

## भगौड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की संपतियां खरीदने का मौका दे रहा ईडी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भगौड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की कई संपत्तियों की नीलामी के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू की है। ईडी ने नीरव मोदी के वर्ली स्थित समुद्र महल में 110 करोड़ के तीन फ्लैट, ब्रीच कैंडी में एक फ्लैट, नीरव मोदी का अलीबाग बंगला, एक पवन चक्की और एक सौर ऊर्जा परियोजना की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की है। नीरव मोदी ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से 6,500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। ईडी इसी रकम को वसूलने के लिए नीरव मोदी की संपत्तियों की नीलामी कर रही है। सूत्रों के अनुसार इस नीलामी से ईडी को कुछ सौ करोड़ रुपये प्राप्त होने वाले हैं। ईडी और इनकम टैक्स विभाग पहले नीरव मोदी के लग्जरी, फैशन और आर्ट से जुड़े आइटम्स, अधिकांश पेंटिंग्स, वाहन और घड़ियों की नीलामी से 130 करोड़ रुपये से वसूली चुकी है। एक और दो जून को ईडी की ओर से नीरव मोदी की 1.8 करोड़ रुपये की दो घड़ियों सहित लग्जरी आइटम्स की नीलामी की गई थी। इसके



जरिए 2.17 करोड़ रुपये वसूले गए थे। नीलाम हुई प्रमुख संपत्तियों में 90.5 लाख, 89.5 लाख और 19.16 लाख रुपये की तीन घड़ियां शामिल थीं। इसके अलावा 22.38 लाख रुपये की एक कलाकृति और 12.91 लाख व 11.09 लाख रुपये के दो हैंडबैग भी इस नीलामी में शामिल थे। नीरव मोदी ने लेटर ऑफ अंडरटेकिंग (एलओयू) के माध्यम से मुख्य रूप से दुबई और हांगकांग में निर्यातकों को भुगतान जारी करने का अनुरोध करते हुए बढ़े हुए आयात बिल जमा करके पीएनबी को धोखा दिया था। निर्यातकों की कंपनी मोदी के कंट्रोल वाली फर्जी कंपनियां थीं। हर बार मोदी बैंक से एलओयू राशि बढ़ाने का अनुरोध करता था और फिर उस पैसे के बड़े हिस्से का इस्तेमाल देय तिथि से पहले बैंक की पिछली एलओयू राशि का भुगतान करने के लिए करता था। लेकिन भुगतान में चूक के बाद 2018 में उसके इन तरीकों का खुलासा हो गया। इसके बाद नीरव मोदी अपने परिवार के साथ देश छोड़कर भाग गया। ईडी ने नीरव मोदी और उनके परिजनों की 4,400 करोड़ रुपये की कुल अचल और चल संपत्ति कुर्क की है।

## घाटी छोड़कर न जाएं हम सब साथ हैं, मौलवियों की कश्मीरी पंडितों से अपील

### 32 साल के इतिहास में पहली बार इसतरह की अपील



**श्रीनगर।** पिछले कुछ दिनों से घाटी में आतंकी लगातार कश्मीरी पंडितों सहित गैर मुस्लिम लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं। घाटी में बढ़ती हिंसा की वजह से लोगों के साथ-साथ सरकार की भी चिंता बढ़ी है। जम्मू-कश्मीर में रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दुओं में दहशत पैदा हो गई है। हर कोई दहशतगर्दों की नापाक हरकतों की कड़ी निंदा कर रहा है। वहीं घाटी में रहने वाले अमन पसंद मुसलमान भी अब कश्मीरी पंडितों के समर्थन में खड़े हो गए हैं। 32 साल के इतिहास में पहली बार, बीते शुक्रवार को घाटी के तकरीबन हर प्रमुख मस्जिदों से नमाज के बाद आतंकियों को कड़ा संदेश दिया गया कि इस्लाम में मासूम लोगों का कत्ल गुनाह है। संदेश में कश्मीरी पंडितों और आम लोगों की हो रही हत्याओं की भी कड़ी निंदा की गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार को जुमे के नमाज के बाद प्रमुख मौलाना और मुफ्तियों ने कश्मीरी पंडितों और अन्य हिन्दू अल्पसंख्यकों को भरोसा दिलाया कि वे सब उनके साथ हैं, लिहाजा वे कश्मीर छोड़कर न जाएं। मौलाना और मुफ्तियों ने कहा कि वे मासूम लोगों के कत्ल से बेहद दुखी हैं और हिंसा की वे कड़ी निंदा करते हैं। वहीं जुमे की नमाज के बाद बारामूला में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शांति मार्च भी निकाला। बारामूला के अलावा कुलगाम, शोपियां, श्रीनगर, बांदीपोरा और कुपवाड़ा स्थित मस्जिदों से भी अल्पसंख्यक हिंदूओं के खिलाफ हो रही हिंसा की कड़ी निंदा की गई।

मस्जिदों से जारी संदेश में कहा गया कि हम सभी पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ हैं और कश्मीरी पंडितों के साथ खड़े हैं। श्रीनगर के लाल चौक पर भी नमाज के बाद सिविल सोसाइटी से संबंध रखने वाले लोगों ने आतंकियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने आतंकी हमलों को कायरना बताया।

## कर्नाटक- स्कूल-कॉलेजों में हिजाब पहनने पर 6 मुस्लिम छात्राएं सस्पेंड

**बेंगलुरु।** कर्नाटक से उपजा हिजाब विवाद थमने का नाम ले ले रहा है। ताजा मामला दक्षिण कन्नड़ जिले में अधिकारियों ने कई चेतावनियों के बावजूद हिजाब पहनने के आरोप में गुरुवार को 6 मुस्लिम छात्राओं को निलंबित कर दिया। वहीं, एक अन्य कार्रवाई में 12 छात्राओं को कक्षाओं में भाग लेने के दौरान हिजाब पहनने के लिए स्कूल से वापस भेज दिया गया था। खबरों के मुताबिक शासकीय प्रथम श्रेणी कॉलेज उप्पिनंगद्यो के प्राचार्य के हवाले से कहा, हिजाब पहनकर यहां पहुंचने पर एक और छात्र को कॉलेज से निलंबित कर दिया गया। उन्हें कल से छह दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया था। बार-बार हिजाब दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के लिए उप्पिनंगडी गवर्नमेंट प्री यूनिवर्सिटी कॉलेज के छह छात्राओं को निलंबित कर दिया गया है। कॉलेज के प्राचार्य ने कॉलेज व्याख्याताओं के साथ बैठक करने के बाद छात्रों को निलंबित करने का निर्णय लिया। 6 छात्राओं को सरकारी आदेश और कक्षाओं में हिजाब पहनने पर रोक लगाने वाले हाईकोर्ट के फैसले की जानकारी दी गई। हालांकि हम्पनाकट्टे के



पास मंगलुरु यूनिवर्सिटी कॉलेज के अधिकारी हिजाब पहनकर आए छात्राओं को वापस भेज रहे हैं। गुरुवार को हिजाब पहनकर आई 16 छात्राओं ने मांग की कि उन्हें कक्षाओं में जाने की अनुमति दी जानी चाहिए। कॉलेज के प्राचार्य ने कक्षाओं में उनके प्रवेश से इनकार कर दिया और उन्हें वापस भेज दिया। सिंडिकेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। छात्राएं जिला आयुक्त के कार्यालय भी गई थीं और हिजाब पहनकर कक्षाओं में नहीं जाने दिए जाने की शिकायत की थी। डीसी ने उन्हें सरकार के नियमों और कोर्ट के आदेश का पालन करने की सलाह दी थी। हालांकि, छात्राएं नहीं मानी और गुरुवार को हिजाब पहनकर कॉलेज पहुंची।

## न्यूज़ ट्रैक....

### एक-दूसरे के खिलाफ खेलना चाहते हैं भारत-पाक क्रिकेटर : रिजवान

**लाहौर ।** पाकिस्तान के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने भारत के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज शुरु करने की मांग करते हुए कहा है कि दोनो देशों के क्रिकेटर आपस में खेलना चाहते हैं पर राजनीति के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है क्योंकि खिलाड़ियों का उसपर कोई नियंत्रण नहीं है। भारत और पाक की टीमों ने अंतिम बार साल 2013 में द्विपक्षीय सीरीज खेली थी। तब पाक टीम भारत के दौरे पर गयी थी। प्रशंसकों को दोनों टीमें के बीच मुकाबले केवल आईसीस टूर्नामेंट में देखने को मिलते हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवर की घरेलू सीरीज खेलने की तैयारी के बाद मीडिया से बात करते हुए रिजवान ने कहा, ' दोनो ही देशों के क्रिकेटर एक दूसरे के खिलाफ खेलना चाहते हैं पर दोनों देशों के राजनैतिक मामले खिलाड़ियों के नियंत्रण में नहीं है।' रिजवान ने हाल ही में भारतीय टीम के टेस्ट क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा के साथ इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेला था। तब ये दोनो ही एक ही टीम ससेक्स में शामिल थे। इस दौरान दोनों के बीच अच्छी दोस्ती तक हो गयी थी। रिजवान ने पुजारा की तारीफ करते नहीं कहा कि उन्हें इस भारतीय क्रिकेटर से काफी कुछ सीखने को मिला है। रिजवान के अनुसार पुजारा का इस खेल के प्रति गंभीरता और समर्पण लाजवाब है। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। एक खिलाड़ी के तौर पर हम अलग नहीं हैं। हम एक ही क्रिकेट परिवार से हैं।

### दूसरे दिन म.प्र. के खाते में कांस्य पदक




**इन्दौर ।** वडोदरा (गुजरात) के छोटूभाई पुरानी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित किये जा रहे 20 वें राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दुसरे दिन मध्यप्रदेश की निकिता आकरे ने पोल वाल्ट में 3.30 मी कूद कर तीसरे स्थान पर रह कर कांस्य पदक जीता। इस अवसर पर मध्य प्रदेश एथलेटिक्स संघ के सचिव ए मुरलीधर, अध्यक्ष अमानत खान, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, तकनीकि समिति के डा राजेश मिश्रा, अमित गौतम के साथ एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के उपाध्यक्ष मुमता? खान मध्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया।

### शिरपुरकर स्मृति जिला रैंकिंग बैडमिंटन स्पर्धा 9 जून से

**इन्दौर ।** राजाराम मोहन राय बैडमिंटन एकेडमी द्वारा इन्दौर जिला बैडमिंटन संगठन के तहत आयोजित न्यायधीश आर एन शिरपुरकर स्मृति इन्दौर जिला रैंकिंग बैडमिंटन स्पर्धा 9 से 12 जून तक होगी, जिसमें 51 हजार रुपए इनामी राशि दी जाएगी। राजाराम मोहन राय बैडमिंटन एकेडमी निदेशक नितिन शिरपुरकर और इन्दौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आरपी सिंह नैयर ने बताया कि इस रैंकिंग बैडमिंटन स्पर्धा में 11, 13, 15, 17 और 19 वर्ष बालक और बालिका मुकाबले होंगे, मुकाबले राजाराम मोहन राय बैडमिंटन एकेडमी, पलासिया के 6 कोर्टस पर होंगे। स्पर्धा में प्रवेश के लिए प्रविष्टियां स्पर्धा सचिव अनय शिरपुरकर, इन्दौर जिला बैडमिंटन संगठन सहसचिव धर्मेश यशलहा, मनीष त्रिवेदी, विशाल चांदवानी और शालिनी परदेशी को 8 जून दोपहर 12 बजे तक दी जा सकती हैं, यह स्पर्धा इन्दौर जिला बैडमिंटन टीम चयन आधार भी रहेगी।

# विराट की तकनीक में कमी नहीं : अजहरुद्दीन






**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने विराट कोहली का बचाव करते हुए कहा है कि वह इंग्लैंड दौरे में अपनी लय हासिल कर लेंगे। साथ ही कहा कि विराट की तकनीक में उन्हें कोई कमी नजर नहीं आती है। अजहर के अनुसार विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों को भी अपने करियर के दौरान कठिन समय से गुजरना पड़ा है क्योंकि सफलता के लिए कभी कभी आपको थोड़ी किस्मत की भी जरूरत होती है। यदि वह एक बड़ा स्कोर या शतक बनाने में सफल रहते हैं तो उनकी आक्रमकता वापस आ जाएगी। अजहर ने कहा, ' जब कोहली 50 रन ही बनाते हैं तो लगता है कि वह विफल हो गए। यह सही है कि उन्होंने इस साल कुछ ज्यादा नहीं किया पर हर कोई अपने करियर में खराब दौर से गुजरता है। उन्हें थोड़ा ब्रेक मिल जाये तो वह फार्म हासिल कर लेंगे। ' कोहली पिछले दो साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कोई शतक नहीं लगा पाये हैं।

वह आईपीएल के 15 वें सत्र में भी रन नहीं बना पाये। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की ओर से 16 मैचों में करीब 23 की औसत से कुल 341 रन ही बनाए हैं। इस दौरान वह तीन बार पहली ही गेंद पर आउट हुए और सत्र में केवल दो बार ही पचास से अधिक रन बना पाये। उन्हें अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज के लिए आराम दिया गया है। भारतीय टीम एक जुलाई से इंग्लैंड में मेजबान टीम के खिलाफ पांचवां टेस्ट मैच खेलेगी जो पिछले साल कोरोना संक्रमण के कारण स्थगित कर दिया गया था। विराट अब इंग्लैंड में इस टेस्ट मैच में खेलेंगे।



*बेल्जियम में यूईएफए नेशंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए खिलाड़ी।*

# खेल मंत्री ने विश्व साइकिल दिवस पर चलाई साइकिल, कहा खेलो इंडिया को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को यहां विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर हुए एक समारोह में साइकिल रैली के राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, मनसुख मंडाविया और मीनाक्षी लेखी भी उपस्थित थे। ठाकुर ने कहा कि विश्व साइकिल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया, खेलो इंडिया, क्लीन इंडिया और स्वस्थ भारत सभी मुहिमों को साइकिल के जरिये ही पूरा किया जा सकता है। ठाकुर और अन्य मंत्रियों ने इस दौरान प्रतियोगियों के साथ साइकिल भी चलायी ओर कहा कि सेहतमंद रहने यह जरुरी है।

उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से आप स्वस्थ भी रहेंगे, प्रदूषण भी नहीं फैलेगा और ईंधन भी खर्च नहीं होगा। इसे बढ़ावा देने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में साइकिल लेन बनायी जाएंगी। इस प्रकार अभी सुविधाओं की जो कम है उसे दूर किया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक लोग साइकिल चलायें। वहीं रिजिजू ने कहा कि विश्व साइकिल दिवस पर लोग यहां आये हैं पर उन्हें अन्य दिनों में भी साइकिल चलानी चाहिये। यह फिट रहने के लिए जरुरी है।

वहीं इससे पहले विश्व साइकिल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से कहा कि स्वस्थ जीवन-शैली के लिए वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से प्रेरणा लें। मोदी ने साइकिल चलाते हुए महात्मा गांधी की एक तस्वीर भी ट्विटर पर साझा की और लिखा, लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट (लाइफ) यानी पर्यावरण के लिए जीवन-शैली।

## हार्दिक को आयरलैंड दौरे में कप्तानी दिए जाने के पक्ष में हैं दिग्गज

**मुम्बई ।** आईपीएल में गुजरात टाइटंस की जीत के बाद से ही हार्दिक पांड्या भी भारतीय टीम में कप्तानी के प्रबल दावेदार के तौर पर उभरे हैं। कई दिग्गज क्रिकेटरों का मानना है कि आने वाले समय में कप्तान के तौर पर वह बेहतर विकल्प साबित होंगे। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर सहित कई दिग्गज खिलाड़ियों का मानना है कि हार्दिक को कप्तानी की अच्छी समझ है। आईपीएल में अपनी अच्छी बल्लेबाजी के साथ ही उन्होंने वापसी करते हुए बेहतरीन गेंदबाजी की थी। ऐसे में आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया जाना चाहिये। गावस्कर के अनुसार हम सभी जानते थे कि वह बल्ले और गेंद से क्या कर सकता है पर जिस प्रकार आईपीएल में उन्होंने कप्तानी की उससे सभी हैरान हैं। वहीं पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर के अनुसार हार्दिक पांड्या महेन्द्र सिंह धोनी की तरह ही शांत बने रहते हैं। इसके अलावा दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह को भी लगता है कि हार्दिक पांड्या में टीम इंडिया की कप्तानी करने की क्षमता है। उनकी फिटनेस को लेकर जो भी संदेह थे, वह भी अब हट गये हैं।

### रॉयल्स के वीडियो में निराश दिखे खिलाड़ी

**मुम्बई ।** आईपीएल के 15 वें सत्र की उपविजेता रही राजस्थान रॉयल्स के सभी खिलाड़ी अब अपने घरों को लौट गए हैं। रॉयल्स ने इससे जुड़ा एक वीडियो भी अपने ट्विटर अकाउंट से साझा किया है। इसमें खिलाड़ी एक-दूसरे को अलविदा कहते नजर आ रहे हैं। रॉयल्स ने जो वीडियो साझा किया है, उसमें टीम के सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल भी हैं। उन्होंने कहा,यह सत्र शानदार रहा। अगर हम इसमें खिताब जीतते तो यह और अच्छा होता। वास्तविकता ये है कि हम फाइनल के दिन अच्छा नहीं खेले थे पर हम आगे इसी प्रकार का प्रदर्शन दोहराने का प्रयास कोशिश करेंगे। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा भी खिताब नहीं जीत पाने को लेकर निराश दिखे पर उन्होंने भी वापसी की उम्मीद जतायी है।

## राहुल की नेतृत्व क्षमता की परीक्षा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में होगी




**मुम्बई ।** नये कप्तान लोकेश राहुल के लिए 9 जून से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज आसान नहीं रहेगी। इस सीरीज में नियमित कप्तान रोहित शर्मा , अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली , तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मो शमी जैसे खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। ऐसे में राहुल को युवा खिलाड़ियों के सहारे दक्षिण अफ्रीकी टीम का मुकाबला करना होगा और इस दौरान उनकी नेतृत्व क्षमता की परीक्षा होगी। राहुल का कप्तानी में पिछला रिकार्ड अब तक अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका दौरे पर एक टेस्ट और तीन एक अंतराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी की थी, जहां भारतीय टीम को सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल में भी वह अपनी टीम लखनऊ सुपजायंटस को जीत नहीं दिला पाये।

इससे पहले जब वह आईपीएल में पंजाब किंग्स के कप्तान थे तब भी उनकी टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। आईपीएल में उनकी कप्तानी का रिकार्ड 50 फीसदी रहा है। इसका मतलब टीम आधे मुकाबले हारी हैं। इसे कहीं से भी बेहतर नहीं माना जा सकता। इस बार वह नाकाम रहे तो कप्तानी की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। इसका कारण यह है कि ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या और श्रेयस अय्यर जैसे युवा खिलाड़ी भी कप्तानी की दौड़ में शामिल हैं। आईपीएल के इस 15 वें सत्र में राहुल ने लखनऊ की ओर से जमकर रन बनाये पर उनकी बल्लेबाजी धीमी रही जिसे भी आलोचकों ने टीम की हार का कारण बताया। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने तो यहां तक कहा कि राहुल कप्तानी के योग्य नहीं हैं। भारतीय टीम की बात करें तो टी20 में उसका सफर अब तक शानदार रहा है और उसने लगातार 12 मैच जीते हैं और वह रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। ऐसे में राहुल पर जीत का सिलसिला बनाये रखने का दबाव रहेगा।

## व्यापार न्यूज

### क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग संबंधी विधेयक न्यूयार्क सीनेट में पारित

**अल्बानी ।** अमेरिका में न्यूयार्क प्रांत की सीनेट ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग के प्रसार को थामने के लिए एक विधेयक पारित किया है। इस विधेयक को मंजूरी दी गई। जिस पद्धति से बिटक्वाइन और अन्य क्रिप्टोकरेंसी बनाई जाती है तथा लेनदेन में शामिल नई क्वाइन का जिस पद्धति से सत्यापन किया जाता है उसे माइनिंग के रूप में जाना जाता है। विधेयक ऊर्जा की अधिक खपत वाली प्रूफ ऑफ माइनिंग क्रिप्टोमाइनिंग के लिए उपयोग किए जाने वाले जीवाश्म ईंधन विद्युत संयंत्रों के वास्ते दो साल की रोक लगाएगा। प्रूफ ऑफ माइनिंग ब्लॉकेचन आधारित गणना-पद्धति है जिसका इस्तेमाल बिटक्वाइन और कुछ अन्य क्रिप्टोकरेंसी करती हैं। क्रिप्टोकरेंसी उद्योग के समर्थकों ने कहा कि जीवाश्म ईंधन दहन करने वाले विद्युत संयंत्रों को निशाना बनाने वाला यह उपाय न्यूयार्क के आर्थिक विकास को प्रभावित करेगा।

### अमेरिका में मई में 3.9 लाख नए रोजगार पैदा हुए

**वाशिंगटन ।** ऊंची मुद्रास्फीति और बढ़ती ब्याज दरों से परेशान अमेरिकी अर्थव्यवस्था के भीतर मई में 3.9 लाख नए रोजगार पैदा हुए। यह मुश्किलों में घिरी अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। अमेरिकी श्रम विभाग ने मई महीने के रोजगार आंकड़े जारी करते हुए कहा कि इस दौरान 3,90,000 नए रोजगार पैदा हुए। हालांकि अमेरिका में बेरोजगारी दर मई में 3.6 प्रतिशत पर बनी रही। कंपनियों ने मंदी की आशंकाओं के बावजूद नई भर्तियां करने में कोताही नहीं की। अमेरिकी नागरिकों ने ऊंची मुद्रास्फीति को लेकर जताई जा रही चिंताओं के बावजूद खुलकर खर्च करना जारी रखा है जिससे कंपनियां भी नई भर्तियां कर रही हैं। मई में रोजगार वृद्धि अच्छी होने के बावजूद पिछले एक साल में दर्ज यह सबसे कम मासिक वृद्धि है। अर्थव्यवस्था के अमूमन हर प्रमुख क्षेत्र में इस दौरान नए रोजगार पैदा हुए।

### चाय निर्यात एक अरब डॉलर पहुंचने की उम्मीद

**कोलकाता ।** भारतीय चाय उद्योग के अगले दो-तीन साल में एक अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल करने की संभावना है जिसके लिए केंद्र की मदद की भी जरूरत होगी। भारतीय चाय निर्यातक संघ के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा कि चाय की पैदावार के लिए अंतरराष्ट्रीय एमआरएल कानूनों को तर्कसंगत बनाने के लिए केंद्र की मदद की जरूरत होगी। एमआरएल का आशय खाद्य उत्पादों की फसल पर इस्तेमाल किए गए कीटनाशकों की तैयार उत्पाद में बची रह गई मात्रा से है। चाय के निर्यात के लिए एमआरएल की कम मात्रा होना जरूरी है। कनोड़िया ने कहा कि विदेशी बाजारों के लिए उगाई गई चाय का आयातक देशों के मानकों के अनुरूप होना जरूरी है। उन्होंने कहा ?कि यह ध्यान रखना जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय चाय की गुणवत्ता बनी रहे और दुनिया भर में हमारी चाय को लोग पसंद करें। भारत ने साल 2021 में 19.59 करोड़ किलोग्राम चाय का निर्यात किया था।

### सेबी ने इनविट, रीट को दिसंबर तक ऑनलाइन बैठक करने की अनुमति दी

**नई दिल्ली ।** तीभारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) ने अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) और रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) को अपने यूनिट धारकों के साथ दिसंबर के आखिरी तक वार्षिक समेत अन्य बैठकें ऑनलाइन आयोजित करने की अनुमति दे दी है। सेबी की तरफ यह परिपत्र दरअसल वार्षिक बैठकों को आयोजित करने की सुविधा का विस्तार करने के लिए रीट/इनविट के अनुरोध के बाद आया है। रीट और इनविट ने यूनिटधारकों की वार्षिक और अन्य बैठकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या अन्य ऑडियो-वीडियो माध्यम से आयोजित करने के लिए सेबी से समयसीमा को बढ़ाने का अनुरोध किया था।

# सरकार ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए ईपीएफ ब्याज दर 8.1 प्रतिशत तय की

### चार दशकों में ईपीएफ पर मिलने वाली यह सबसे कम ब्याज दर है

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2021-22 के ?लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ब्याज दर 8.1 प्र?तिशत तय की है। चार दशकों में यह ईपीएफ पर मिलने वाली सबसे कम ब्याज दर है। इस साल मार्च में ही कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने 2021-22 के लिये देय ब्याज दर को 2020-21 के 8.5 प्रतिशत से घटाकर 8.1 प्रतिशत करने का निर्णय किया था। जारी किए गए ईपीएफओ कार्यालय आदेश के अनुसार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने 2021-22 के लिए ईपीएफओ अंशधारकों को 8.1 प्रतिशत ब्याज की मंजूरी मिलने के बारे में सूचना दी है। श्रम मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा था। सरकार से मंजूरी मिल जाने के बाद ईपीएफओ अब कर्मचारियों के ईपीएफ खातों में ब्याज राशि डालना शुरू करेगा। ईपीएफ जमा पर 8.1 प्रतिशत ब्याज 1977-78 के बाद सबसे कम है। उस समय ब्याज दर 8 प्रतिशत रही थी। सीबीटी में कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले न्यासी केई रघुनाथन ने कहा कि जिस गति से श्रम एवं वित्त मंत्रालयों ने ब्याज दर को मंजूरी दी है, कर्मचारियों को कोष की जरूरत को देखते हुए वह वास्तव में सराहनीय है। इससे उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा और अन्य जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। सीबीटी ने 2020-21 के लिए ईपीएफ जमा पर 8.5 प्रतिशत ब्याज देने का निर्णय मार्च 2021 में किया था। वित्त मंत्रालय ने इसे अक्टूबर 2021 में मंजूरी दी। उसके बाद ईपीएफओ ने अपने क्षेत्रीय कार्यालयों को 2020-21 के लिए 8.5 प्रतिशत की दर से ईपीएफ खातों में ब्याज डालने का निर्देश दिया था। ईपीएफओ ने 2019-20 के लिए मार्च 2020 में भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर सात साल के निचले स्तर 8.5 प्रतिशत पर कर दिया था। इससे पहले, 2018-19 में यह 8.65 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2019-20 के लिए ईपीएफ ब्याज दर 2012-13 के बाद सबसे कम थी। उस समय इसे कम कर 8.5 प्रतिशत कर दिया गया था। ईपीएफओ ने अपने अंशधारकों को 2016-17 के लिये 8.65 प्रतिशत और 2017-18 के लिए 8.55 प्रतिशत ब्याज दिया था। इससे पहले वित्त वर्ष 2015-16 में ब्याज दर 8.8 प्रतिशत थी। जबकि 2013-14 और 2014-15 में ब्याज दर 8.75 प्रतिशत थी। यह 2012-13 में दिये गये 8.5 प्रतिशत ब्याज से ज्यादा था। वित्त वर्ष 2021-12 में कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज 8.25 प्रतिशत रखा गया था।

## अडानी समूह ने खरीदा एस्सार पावर का ट्रांसमिशन कारोबार

**नई दिल्ली ।** अडानी ग्रुप ने एक और बड़ी डील की है। अडानी ग्रुप मध्य भारत में एस्सार पावर का ट्रांसमिशन कारोबार खरीदने पर सहमत हुआ है। अडानी ग्रुप 1913 करोड़ रुपए में इस सौदे पर सहमत हुआ है। इस सौदे से अडानी ग्रुप की मध्य भारत में उपस्थिति मजबूत होगी। जबकि यह सौदा एस्सार ग्रुप के पावर ट्रांसमिशन कारोबार से बहार निकलने का प्रतीक होगी। एस्सार पावर लिमिटेड अपनी दो पावर ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट में से एक अडाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड को बेचने पर सहमत हो गई है। यह बिक्री कंपनी की ऋण चुकाने की रणनीति का एक हिस्सा है। एस्सार ने पिछले तीन वर्षों में बैंकों और वित्तीय संस्थानों को 1.8 लाख करोड़ रुपए से अधिक कर्ज चुकाया है। एस्सार पावर ने कहा कि उसने अपने दो पावर ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट में से एक को 1,913 करोड़ रुपए में बेचने के लिए अडाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड के साथ एक निश्चित समझौता किया है। एस्सार पावर की इकाई एस्सार पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की तीन राज्यों में 465 किलोमीटर के पावर ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान एस्सार पावर ने अपने कर्ज को 30,000 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर से घटाकर 6,000 करोड़ रुपए कर दिया है।

### आईनॉक्स ने इक्विटी शेयर, परिवर्तनीय वारंट जारी कर 400 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली ।** आईनॉक्स विंड ने कहा कि उसने इक्विटी शेयर और परिवर्तनीय वारंट जारी कर 400 करोड़ रुपए से अधिक जुटाए हैं। आईनॉक्स विंड ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा कि उसने दो जून को 402.50 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों और परिवर्तनीय वारंट का आबंटन पूरा कर लिया है। इन्हें क्रमशः 126 और 132 रुपए के निर्गम मूल्य पर जारी किया गया है। इससे पहले अप्रैल में पवन ऊर्जा कंपनी के निदेशक मंडल ने तरजीही आधार पर इक्विटी शेयर और परिवर्तनीय वारंट जारी कर 402.5 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

## कोरोना के कमजोर होते ही निर्यात में आया उछाल

**नई दिल्ली ।** महामारी कोरोना ने कारोबारी दुनिया को थाम कर रख दिया था लेकिन जब इसका वायरस कमजोर पड़ा तो एक बार फिर व्यापारिक गतिविधियों में इजाफा होने लगा है। देश का वस्तुओं का निर्यात मई में 15.46 प्रतिशत बढ़कर 37.29 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय ने आंकड़े जारी कर इसकी जानकारी दी। मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद (52.71 फीसदी), इलेक्ट्रॉनिक्स सामान (41.46 फीसदी) और टेक्सटाइल क्षेत्र (22.94 फीसदी) का प्रदर्शन अच्छा रहने से निर्यात बढ़ा है। गौरतलब है कि मई 2021 में व्यापार घाटा 6.53 अरब डॉलर रहा था। मई में आयात 56.14 प्रतिशत बढ़कर 60.62 अरब डॉलर रहा है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, देश का वस्तुओं का निर्यात अप्रैल-मई, 2022-23 में 22.26 फीसदी बढ़कर 77.08 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष के पहले दो माह में निर्यात का आंकड़ा 63.05 अरब डॉलर रहा था। मई 2022 में पेट्रोलियम और कच्चे तेल का आयात 91.6 प्रतिशत उछलकर 18.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान कोयला, कोक और ब्रिकेट्स का आयात बढ़कर 5.33 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले साल के समान महीने में दो अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन महीने में सोने का आयात बढ़कर 5.82 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो मई 2021 में 67।7 करोड़ डॉलर रहा था। इस दौरान व्यापार घाटा भी बढ़कर 23.33 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल मई के महीने में व्यापार घाटा 6.52 अरब डॉलर था। इसका एक कारण यह था कि कोरोना वायरस महामारी के कारण भारत ने दूसरे देशों से आयात कम किया था। जारी वित्त वर्ष के पहले 2 महीनों में भारत का निर्यात 22.26 फीसदी बढ़कर 77.08 अरब डॉलर रहा। वहीं। आयात 42.35 फीसदी बढ़कर 120.81 अरब डॉलर पहुंच गया।इस साल मई में गैर-पेट्रोलियम उत्पादों का आयात 44.7 फीसदी बढ़कर 42.48 अरब डॉलर हो गया था। यह पिछले साल मई में 29.36 अरब डॉलर था। वहीं, तेल, गोल्ड, सिल्वर और बहुमूल्य मेटल के अलावा अन्य उत्पादों के आयात में 27.2 फीसदी का उछाल देखने को मिला। बीते महीने इनका आयात 33.61 अरब डॉलर पर रहा। एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार और इंडस्ट्री से जुड़े अधिकारियों ने भारत से गेहूं निर्यात किए जाने की जानकारी दी है। भारत बांग्लादेश, फिलीपिंस, तंजानिया और मलेशिया को 4,69,202 टन गेहूं भेजेगा। गेहूं व्यापार से जुड़े लोगों का कहना है कि लगभग 17 लाख टन गेहूं बंदरगाहों पर पड़ा है।

## स्विगी वन के सदस्यों के लिए कंपनी लाई 3 नए फायदे

**नई दिल्ली ।** ऑनलाइन खाना मंगाने के शौकीनों के लिए फूड ऑर्डर और डिलीवरी की सुविधा देने वाली कंपनी स्विगी ने अपने सब्सक्रिप्शन प्रोग्राम स्विगी वन की सदस्यता लेने वाले यूजर्स के लिए तीन नए लाभ देने की घोषणा की है। कंपनी ने गुरुवार को बयान में कहा, 'इस प्रोग्राम से जु? सदस्यों को 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी रेस्टोरेंट से कम से कम 149 रुपये वाले आर्डर की फ्री में अनलिमिटेड डिलीवरी मिलेगी।' कंपनी ने कहा कि स्विगी इंस्टामार्ट पर सदस्य विशेष पेशकश के तहत 1000 से अधिक प्रोडक्ट्स पर और अब अधिक पैसे बचा सकते है। इसमें रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले प्रोडक्ट्स समेत फल, सब्जियों, बच्चों के उत्पाद, निजी देखभाल, घर के इस्तेमाल और अन्य प्रोडक्ट्स शामिल हैं।

स्विगी के मुताबिक, इस प्रोग्राम से जु?ने के लिए ग्राहकों को 12 महीने के लिए 899 और तीन महीने के लिए 299 रुपये देने होंगे। कंपनी ने बताया कि 2 जून से स्विगी वन के मेंबर को ये एक्सट्रा फायदे मिलने शुरू हो जाएंगे। इसमें नए और पुराने सभी मेंबर शामिल हैं। अगर आपने 2 जून से स्विगी वन की मेंबरशिप ली है तो बचे हुए समय में मेंबर को ये फायदे मिलेंगे। गौरतलब है कि ऑनलाइन खाना आर्डर और डिलिवरी की सुविधा देने वाली कंपनी स्विगी 'डाइनआउट' का अधिग्रहण करेगी। इसके लिए कंपनी ने डाइनआउट का स्वामित्व रखने वाली टाइम्स इंटरनेट के साथ एक निश्चित समझौता किया है। हालांकि, अधिग्रहण राशि का खुलासा नहीं किया गया है। स्विगी ने हाल ही में एक बयान में कहा था कि 20 शहरों के 50,000 से अधिक रेस्टोरेंट में टेबल बुक करने की सुविधा देने वाली डाइनआउट, इस अधिग्रहण के बाद भी एक एप्लीकेशन के तौर पर स्वतंत्र रूप से संचालन करना जारी रखेगी। कंपनी ने बताया था कि डाइनआउट के संस्थापकज अंकित मेहरोत्रा, निखिल बख्शी, साहिल जैन और विवेक कपूर को अधिग्रहण पूरा होने के बाद स्विगी में शामिल किया जाएंगे।

# नेटफ्लिक्स की 'बाहुबली' में वामिका गाबी ने मृणाल ठाकुर को किया रिप्लेस, निभाएंगी शिवगामी का किरदार



मल्टीप्लेक्स में धूम मचाने वाली फिल्म 'बाहुबली' पर नेटफ्लिक्स एक वेब सीरीज बना रही है. जिसका नाम 'बाहुबलीः बिफोर द बिगनिंग' है. ये सीरीज तैयार होने से पहले ही काफी सुर्खियों में हैं. पिछले कुछ समय पहले जहां इसकी शूटिंग में 100 करोड़ रुपए के बर्बाद होने की खबर सामने आई थी. वहीं अब पता चला है कि शो में शिवगामिनी के किरदार के लिए फाइनल की गई एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को हटा दिया गया है. उन्हें वामिका गाबी ने रिप्लेस किया है. सूत्रों के मुताबिक सीरीज की करीब 70 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी थी. जिसमें लगभग 100 करोड़ रुपए भी खर्च हो गए. मगर नेटफ्लिक्स को ये पसंद नहीं आई और रिजेक्ट कर दिया. ऐसे में पूरे शो को दोबारा से शूट करने को कहा गया. इसके लिए बजट भी दोगुना कर 200 करोड़ कर दिया है. इसके अलावा कास्ट में भी बदलाव किए गए है. चूंकि शिवगामी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मृणाल के पास दोबारा शूटिंग के लिए वक्त नहीं है. ऐसे में उन्हें रिप्लेस करने के लिए पंजाबी एक्ट्रेस वामिका गाबी को चुना गया है. वामिका को इससे पहले जब वी मेट, मौसम और लव आज कल जैसी फिल्मों में देखा गया था. अभी तक दर्शकों ने फिल्म 'बाहुबलीः द बिगनिंग' और 'बाहुबलीः द कन्क्लूजन' देखा है. मगर नेटफ्लिक्स ने 'बाहुबलीः बिफोर द बिगनिंग' दिखाने का मन बनाया है. मतलब इसमें बाहुबली द बिगनिंग से पहले के किस्सों को दर्शाया जाएगा. ये एक तरह का प्रीचे्ल होगा. दर्शकों में सीरीज को लेकर क्रेज बना रहे है इसलिए इसे दिलचस्प तरीके से बनाए जाने की कोशिश की जा रही है. नेटफ्लिक्स की 'बाहुबलीः बिफोर द बिगनिंग' आनंद नीलकंठन की किताब द राइज ऑफ शिवगामी पर आधारित है. सीरीज में करीब नौ एपिसोड होंगे. इसमें शिवगामी के एक विद्रोही लड़की से एक प्रभावशाली रानी बनने के सफर को दिखाया जाएगा. इस सीरीज को बनाने में एस.एस राजमौली के साथ देव कट्टा और प्रवीण सतारू अहम भूमिका में होंगे. बाहुबलीः बिफोर द बिगनिंग' को दोबारा शूट करने का काम तेजी से हो रहा है. टीम पूरी कोशिश कर रही है कि शूटिंग जल्दी पूरी कर ली जाए और इस बार नेटफ्लिक्स को कंटेंट पसंद आए. इस सीरीज को साल 2021 के आखिरी में रिलीज करने की योजना है।

## 'अजीब दास्तां' ने रूढ़िवादी धारणा को तोड़ने में मदद कीः नुसरत

बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा का कहना है कि उनकी आगामी फिल्म 'अजीब दास्तां' की शूटिंग के दौरान शानदार समय बिताया। वह कहती हैं कि इस फिल्म में उनकी भूमिका ने रूढ़िवादी धारणा (स्टीरियोटाइप) को तोड़ने में मदद की है। अभिषेक बनर्जी



और इनायत वर्मा के साथ राज मेहता द्वारा निर्देशित 'खिलौना' नाम के सेगमेंट में नुसरत घरों में काम करने वाली लड़की का किरदार निभा रही हैं, जिसमें उनका नाम मीनल है। कहानी उनके और उनकी बहन के लिए एक सभ्य जीवन पाने के लिए उसके किए गए संघर्ष को उजागर करती है और इसके अंत में एक चौंकाने वाला मोड़ भी देखने को मिलता है। नुसरत ने कहा, हमने फिल्म की केवल आठ दिनों तक शूटिंग की, लेकिन मैं बेहद ईमानदारी के साथ कहूं तो मैंने किसी अन्य फिल्म की शूटिंग में, जिसमें मैंने काम किया है, इतना मजा नहीं लिया है। राज एक प्रतिभाशाली है, लेकिन साथ ही वह प्रफुल्लित करने वाला, मजेदार और काफी कूल भी है। वह वास्तव में एक जोशीले फिल्म निर्माता हैं और वह फिल्म के निर्देशन और सेट पर होने की प्रक्रिया का आनंद उठाते हैं। नुसरत ने शूटिंग प्रक्रिया के दौरान आनंद लेते हुए काम करने पर जोर दिया। नुसरत कहती हैं कि इस फिल्म का किरदार उनकी पहले की भूमिकाओं से बहुत अलग है। नुसरत ने कहा कि उन्होंने रूढ़िवादी धारणा से बाहर निकलकर अनुभव प्राप्त किया है। 'अजीब दास्तां' 16 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसमें फातिमा सना शेख, जयदीप अहलावत, अभिषेक बनर्जी, इनायत वर्मा, कोंकणा सेन शर्मा, अदिति राव हैदरी, शेफाली शाह, मानव कौल और टोटा रॉय चौधरी भी दिखाई देंगे।

## करीना कपूर खान चाहती हैं भूरी होना!

करीना कपूर खान भूरी होना चाहती हैं। उन्होंने अपनी चाहत का



इजहार सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट के जरिये किया। मंगलवार को करीना ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें वह अच्छी त्वचा की नुमाइश करती नजर आ रही हैं। करीना ने तस्वीरों के साथ लिखा, मुझे टैन ओके की जरूरत है। अब कसरत करने जा रही हूं। फोटो शेयरिंग वेबसाइट पर करीना की तस्वीरों को इस समय तक 189 लाइक मिल चुके हैं। वह अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने के बाद, काम पर लौट आई हैं। करीना और सैफ इस साल 21 फरवरी को दूसरे बेटे के मम्मी-डैडी बने थे।

# पुरुषों और महिलाओं के लिए रेजर में क्या अंतर है, आप जानते हैं?



पुरुषों और महिलाओं के बीच कोई विभाजन नहीं है, दोनों समान रूप से कंधे से कंधा मिलाकर काम करने में सक्षम हैं। साबित कर दिया कि तो रूपकरा के मामले में उस पारंपरिक रास्ते को क्यों चुना गया है? कंपनियां लिंग आधारित उत्पादों को पुरुषों और महिलाओं में विभाजित करने के लिए रंग पर ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करती हैं। सबसे आम लेकिन महत्वपूर्ण बात उस्तरा है। दैनिक जीवन में इसके उपयोग के बारे में अलग से बात नहीं करना बेहतर है। लिंग आधारित उत्पादों को बेचने के लिए कंपनियां कई तरह के तरीकों का इस्तेमाल करती हैं। बाजार में केवल महिलाओं के लिए गुलाबी और चमकीले रंग के रेजर देखे जाते हैं। और पुरुषों के लिए, नीले, ग्रे और नारंगी का रुझान अभी भी उस पारंपरिक नियम के अनुसार जारी है। हालांकि, रंग को पहचानने के लिए कोई नियम नहीं हैं। वास्तव में, पुरुषों और महिलाओं के शारीरिक संविधान के अनुसार रेजर बनाए जाते हैं। शरीर के बाहरी हिस्सों पर पैर और हाथ सहित उपयोग के लिए महिलाओं के रेजर की संरचना पुरुषों की तुलना में काफी अलग है। महिलाओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले रेजर का मुख्य हिस्सा तुलनात्मक रूप से बड़ा होता है। हालांकि गोल या चौकोर, मुख्य भाग के उपयोग के दौरान जल्दी से घूमने में सक्षम होने का लाभ है। ये रेजर इस बात को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं कि हाथों की एड़ियों और कोहनियों पर बालों को इस्तेमाल करने में कोई कठिनाई न हो। विशेषज्ञों के अनुसार रेजर रेजर का उपयोग पानी, साबुन या शेविंग जेल में भी किया जाता है ताकि महिलाओं को आसानी से चिकना किया जा सके। हालांकि, यह आश्चर्यजनक नहीं है। महिलाएं अपने शरीर को सुंदर दिखाने के लिए कई तरह से रेजर का इस्तेमाल करना पसंद करती हैं। इसलिए आप रेजर को बिना पानी के भी आसानी से चला सकते हैं, इसके लिए रेजर के दो ब्लेड और किनारे के बीच साबुन की अधिकता होती है। पुरुष सप्ताह के लगभग हर दिन रेजर का उपयोग करते हैं। इसलिए चेहरे, दाढ़ी और मूंछों को काटने के लिए रेजर ब्लेड का तेज होना किसी महिला के रेजर से कम नहीं है।



## ऊर्जा संरक्षण जरूरी

भारत जैसी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी है। इसमें दो राय नहीं कि तीव्र गति से बढ़ती जनसंख्या के भरण-पोषण व सुख-सुविधाओं के लिए संसाधनों की तेजी से खपत हो रही है। लेकिन इससे पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं का जन्म हो रहा है। ऐसे में सवाल है कि बढ़ती जनसंख्या व ऊर्जा आपूर्ति के बीच कैसे संतुलन बनाया जाए? सवाल यह भी है कि पर्यावरण और भविष्य की पीढ़ी के मद्देनजर भारत की आगे की रणनीति क्या होनी चाहिए। दुनिया भर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरंतर बढ़ रही है, लेकिन दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परंपरागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढने् लगी है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2040 तक दुनिया की ऊर्जा खपत लगभग 50 प्रतिशत बढ़ जाएगी। हालांकि दैनिक जीवन में उपयोग के लिए जीवाश्म ईंधन, कच्चे तेल, कोयला, प्राकृतिक गैस आदि ऊर्जा स्त्रोतों द्वारा पर्याप्त ऊर्जा उत्पन्न की जा रही है, लेकिन लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए भविष्य में इन ऊर्जा संसाधनों की अत्यधिक कमी होने या इनके समाप्त होने का भय पैदा हो गया है। यही कारण है कि भारत सहित दुनिया भर में अब अक्षय ऊर्जा संसाधनों की मांग तेजी से बढ़ रही है। हमारे यहां उपलब्ध ऊर्जा में अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी करीब 26 फीसद है, जबकि हाइड्रोपावर की करीब 12 फीसद है। इस तरह देखा जाए तो देश की कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता में स्वच्छ स्त्रोतों की हिस्सेदारी 38 फीसद से ज्यादा है। आज दुनिया में अक्षय ऊर्जा के मामले में भारत पांचवें स्थान पर है। इसके बावजूद हम अपनी ऊर्जा संबंधी जरूरतों के लिए काफी हद तक कोयले और जीवाश्म ईंधन पर निर्भर हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने 2022 तक पौने दो लाख मेगावॉट हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। एक लाख मेगावॉट तो अकेले सौर ऊर्जा से ही बनाने का लक्ष्य है। अनुमान है कि वर्ष 2050 में गैर परंपरागत स्त्रोत ही ऊर्जा उत्पादन का सबसे बड़ा और अहम जरिया होगा। सरकार ने वर्ष 2029 तक सबको 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का वादा किया है, लेकिन इसके लिए गैर-परंपरागत ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए कम कीमत पर लोगों को इसके उपकरण उपलब्ध कराने होंगे। न सिर्फ विद्युत वितरण प्रणाली में सुधार लाना होगा, बल्कि लोकलुभावन राजनीति से बचते हुए मुफ्त बिजली देने से भी बचना होगा। आम नागरिकों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति गंभीर होना पड़ेगा।

# प्रकृति की सुरक्षा का करें संकल्प

रमेश सर्राफ धमोरा



**(5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष)**

विश्व पर्यावरण दिवस एक अभियान है। इस अभियान की शुरुआत करने का मुख्य उद्देश्य वातावरण की स्थितियों पर ध्यान केन्द्रित करने और पृथ्वी के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव का भाग बनने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। दुनिया में हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को कई कार्यक्रमों के जरिये प्रकृति को संरक्षित रखने और इससे खिलवाड़ न करने के लिए जागरूक किया जाता हैं। इन कार्यक्रमों के जरिये लोगों को पेड़-पौधे लगाने, पेड़ों को संरक्षित करने, हरे पेड़ न काटने, नदियों को साफ रखने और प्रकृति से खिलवाड़ न करने जैसी चीजों के लिए जागरुक किया जाता है।

पर्यावरण दो शब्दों परि और आवरण से मिलकर बना है। परि का अर्थ होता है हमारे आसपास या हमारे चारों और। आवरण का अर्थ होता है हम चारों और जिससे घिरे हैं। अर्थात पर्यावरण का अर्थ हमारे आस-पास के वातावरण से हैं। पर्यावरण पेड़-पौधों, वायु हमारे आस-पास की सभी चीजों से मिलकर बनता है। पर्यावरण हमारे दैनिक जीवन से सीधा संबंध रखता हैं। मानव और पर्यावरण एक दूसरे से संबंधित तथा एक दूसरे पर निर्भर होते हैं। पर्यावरण प्रदूषण जैसे पेड़ों का कम होना, वायु प्रदूषण आदि मनुष्य के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डालता हैं। मानव की अच्छी बुरी आदतों का प्रभाव सीधा पर्यावरण पर पड़ता हैं। विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मानव जाति को पर्यावरण के प्रति सचेत करना हैं। उसका उद्देश्य पूरी प्रकृति व पर्यावरण की सुरक्षा करना हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरुआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। विश्व पर्यावरण दिवस 2022 को केवल एक पृथ्वी थीम के तहत आयोजित किया जाएगा। जिसमें हमारी पसंद के माध्यम से स्वच्छ, हरित जीवन शैली के लिए प्रकृति के साथ सद्भाव में रहने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है।

इस साल की शुरुआत में जारी संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की मेकिंग पीस विद नेचर रिपोर्ट के अनुसार सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था को बदलने का अर्थ है। प्रकृति के साथ हमारे संबंधों में सुधार करना। उसके मूल्य को समझना और उस मूल्य को निर्णय लेने के केंद्र में रखना। इस पर्यावरण दिवस पर हम सब इस बारे में सोचें कि हम अपनी धरती को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए और क्या कर सकते हैं। किस तरह इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। पर्यावरण दिवस पर अब सिर्फ पौधारोपण करने से कुछ नहीं होगा। जब तक हम यह सुनिश्चित नहीं कर लेते कि हम उस पौधे के पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करेंगें। हम सब को मिलकर पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लेकर उस दिशा में काम करना प्रारम्भ करना चाहिये।

सरकार हर वर्ष नदियों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अरबों रुपए खर्च करती आ रही है। उसके उपरांत भी नदियों का पानी शुद्ध नहीं हो पाता है। मगर गत दो वर्षों में देश में लाकडाउन के चलते बिना कुछ खर्च किए ही नदियों का पानी अपने आप शुद्ध हो गया था। पर्यावरणविदों के मुताबिक जिन नदियों के पानी से स्नान करने पर चर्म रोग होने की संभावनाएं व्यक्त की जाती थी। उन नदियों का पानी शुद्ध हो जाना बहुत बड़ी बात थी। देश की सबसे अधिक प्रदूषित मानी जाने वाली गंगा नदी सबसे शुद्ध जल वाली नदी बन गयी थी। वैज्ञानिकों के अनुसार गंगा का पानी साफ होने की वजह पानी में घुले डिसाल्वड की मात्रा में आई 500 प्रतिशत की कमी थी। गंगा में गिरने वाले सीवर और अन्य प्रदूषण में कमी की वजह से पानी साफ हुआ था।

नेशनल हेल्थ पोर्टल आफ इंडिया के मुताबिक देश में हर साल करीब 70 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण की वजह से हो जाती है। वायु प्रदूषण के चलते लोगों को शुद्ध हवा नहीं मिल पाती है। जिसका हमारे शरीर में फेफड़े, दिल और ब्रेन पर बुरा असर पड़ रहा है। देश में 34 प्रतिशत लोग प्रदूषण की वजह से मरते हैं। मगर लाकडाउन के चलते प्रदूषण कम होने की वजह से देश में होने वाली मौतें भी कम हुई थी। देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण बड़ी मात्रा में कृषि भूमि आबादी की भेंट चढ़ती गई। जिस कारण वहां के पेड़ पौधे काट दिये गये व नदी नालों को बंद कर बड़े-बड़े भवन बना दिए गए। जिससे वहां रहने वाले पशु, पक्षी अन्यत्र चले गए। पुराने समय में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये बड़-पीपल जैसे घने छायादार पेड़ो को काटने से रोकने के लिये उनकी देवताओं के रूप में पूजा की जाती रही है। इसी कारण गावों में आज भी लोग बड़, पीपल का पेड़ नहीं काटते हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबन्ध को सुधारना है। वास्तविक रुप में पृथ्वी को बचाने के लिये आयोजित इस उत्सव में सभी आयु वर्ग के लोगों को सक्रियता से शामिल करना होगा। तेजी से बढ़ते शहरीकरण व लगातार काटे जा रहे पड़ो के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर रोक लगानी होगी।

प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण आज हमारा पर्यावरण खतरे में हैं। पर्यावरण के सभी घटक जीवमंडल, जलमंडल, वायुमंडल सभी प्रदूषण में फंस गए हैं। प्रदूषण का बढ़ता प्रभाव सामान्य प्राकृतिक पर्यावरण को बहुत अधिक प्रभावित कर रहा हैं। ज्वालामुखी का फटना जंगल में अपने आप आग लगना आदि प्राकृतिक प्रदूषण की घटनाएं हैं। जल का मैला होना, वाहनों से निकलने वाला धुआं, कल कारखानों से निकलने वाला धुऐ से उत्पन्न होने वाला प्रदूषण, वनों की कटाई आदि मानव द्वारा निर्मित प्रदूषण हैं। मानव द्वारा निर्मित प्रदूषण से प्रकृति व पर्यावरण का विनाश तेजी से हो रहा हैं। प्रदूषण के मुख्य रूप जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और मृदा प्रदूषण हैं। ऐसे में पर्यावरण प्रबंधन की वर्तमान में बहुत आवश्यकता हैं।

पर्यावरण के अभाव में जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हमें भविष्य में जीवन को बचाये रखने के लिए पर्यावरण की सुरक्षा को सुनिश्चित करना होगा। यह पृथ्वी पर निवास करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति को आगे आकर पर्यावरण संरक्षण की मुहिम का हिस्सा बनना होगा तभी हम पृथ्वी को सुरक्षित रख सकेगें। इस दिन हमें आमजन को भागीदार बना कर उन्हे इस बात का अहसास करवाना होगा कि बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन का खामियाजा हमे व हमारी आने वाली पीढियों को उठाना पड़ेगा। इसलिये हमें अभी से पर्यावरण को लेकर सतर्क व सजग होने की जरूरत है। हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तेजी से काम करना होगा तभी हम बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन को संतुलित कर पायेगें। तभी हमारी आने वाली पीढ़ियां शुद्ध हवा में सांस ले पायेगी।

## सच्चा पुरुषार्थ

यह बात उन दिनों की है जब स्वामी विवेकानंद की चर्चा दुनिया भर में फैल चुकी थी। उनके विचारों को लेकर हर जगह विचार-विमर्श चल रहा था। उन्हें एक आदर्श के रूप में स्थापित होता देख एक विदेशी महिला बहुत प्रभावित हुई। उसने स्वामी विवेकानंद से विवाह करने का मन बना लिया। बस, इसके बाद वह हरदम उन्हीं के बारे में सोचती रहती। संयोग से एक दिन स्वामी विवेकानंद एक सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे तो उसने उनसे मिलने की ठान ली। वह किसी तरह उसी स्थान पर जा पहुंची जहां सम्मेलन हो रहा था। महिला स्वामी जी के समीप जाकर निर्भीकता से बोली,स्वामी जी, मैं आपसे विवाह करना चाहती हूं। स्वामी विवेकानंद ने उससे पूछा, क्यों, विवाह तुम आखिर मुझसे ही क्यों करना चाहती हो? क्या तुम यह नहीं जानती कि मैं तो एक संन्यासी हूं? महिला ने पूरी विनम्रता से कहा,देखिए, बात ये है कि मैं आपके जैसा ही गौरवशाली, सुशील और तेजमय पुत्र चाहती हूं। और वह तो तभी संभव होगा जब आप मुझसे विवाह करेंगे। यह सुनकर स्वामी विवेकानंद ने उत्तर दिया, देखो, हमारी शादी तो संभव नहीं है, परंतु एक उपाय अवश्य है। महिला बोली,कैसा उपाय? स्वामी विवेकानंद बोले,आज से मैं ही आपका पुत्र बन जाता हूं और आप मेरी मां बन जाएं। आपको मेरे जैसा पुत्र मिल जाएगा। विवेकानंद की यह बात सुनकर विदेशी महिला उनके चरणों पर गिर पड़ी और बोली,स्वामी जी, सचमुच आप साक्षात ईश्वर के रूप हैं। इसे कहते हैं पुरुष और ये होता है पुरुषार्थ। सच्चा पुरुषार्थ तभी होता है जब पुरुष नारी के प्रति अपने मन में पुत्र जैसा भाव ला सके और उसमें मातृत्व की भावना उत्पन्न कर सके।

## प्रदूषण को रोकने पर्यावरण संरक्षण आवश्यक

डॉ. वंदना सेन



जल के अभाव में वसुंधरा सूख रही है। पेड़ आत्महत्या कर रहे हैं। नदियां समाप्ति की ओर हैं। कुए, बाबड़ी रीत गए हैं। यह एक ऐसा भयानक संकट है, जिसको हम जानते हुए भी अनदेखा कर रहे हैं। अगर इसी प्रकार से चलता रहा तो आने वाला समय कितना त्रासद होगा, इसकी अभी मात्र कल्पना ही की जा सकती है, लेकिन जब यह समय सामने होगा तब हमारे हाथ में कुछ भी नहीं होगा। यह सभी जानते हैं कि प्रकृति ही जीवन है, प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। जब हम प्रकृति कहते हैं तो स्वाभाविक रूप मानव यही सोचता है कि पेड़ पौधों की बात हो रही है, लेकिन इसका आशय इतना मात्र नहीं, बहुत व्यापक है। प्रकृति में जितने तत्व हैं, वे सभी तत्व हमारे जीवन का आवश्यक अंग हैं। चाहे वह श्वांस हो, जल हो, या फिर खाद्य पदार्थ ही हों। सब प्रकृति की ही देन हैं। विचार कीजिए जब यह सब नहीं मिलेगा, तब हमारा जीवन कैसा होगा?

देश में अनेक संस्थाओं द्वारा पौधारोपण के कार्य भी किए जाते हैं। विसंगति यह है कि पौधारोपण करने के बाद उन पौधों का क्या होता है। यह सब देखने का समय हमारे पास नहीं है। पौधों के लिए जल ही जीवन है और पौधा भी एक जीवित वनस्पति है। अगर किसी पौधे का जीवन जन्म के समय ही समाप्ति होने की ओर अग्रसर होता है तो स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि ऐसा करके हम निश्चित ही एक जीवन की हत्या ही कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति में हत्या के परिणाम क्या होते हैं, इसे बताने की आवश्यकता नहीं हैं, लेकिन यह सत्य है कि जिस पेड़ की असमय मौत होती है, उसकी आत्मा कराह रही होती है। हम अगर पेड़ या पौधे में जीवन का अध्ययन करें तो हमें स्वाभाविक रूप से यह ज्ञात हो जाता है कि जीवित वनस्पति जब मौत की ओर जाती है, तब उसकी क्या स्थिति होती होगी। अब जरा अपने शरीर का ही विचार कर लीजिए, उसे भोजन नहीं मिलेगा, तब शरीर का क्या हाल होगा।

वर्तमान में हम सब पर्यावरण प्रदूषण का शिकार हो रहे हैं। यह सब प्रकृति के साथ किए जा रहे खिलवाड़ का ही परिणाम है। हम सभी केवल इस चिंता में व्यस्त हैं कि पेड़ पौधों के नष्ट करने से प्रदूषण बढ़ रहा है, लेकिन क्या हमने कभी इस बात का चिंतन किया है कि हम प्रकृति संरक्षण के लिए क्या कर रहे हैं। क्या हम प्रकृति से जीवन रूपी सांस को ग्रहण नहीं करते? क्या हम शुद्ध वातावरण नहीं चाहते? तो फिर क्यों दूसरों की कमियां देखने में ही व्यस्त हैं। हम स्वयं पहल क्यों नहीं करते? आज प्रकृति कठोर चेतावनी दे रही है। बिगड़ते पर्यावरण के कारण हमारे समक्ष महामारियों की अधिकता होती जा रही हैं। अगर हम इस चेतावनी को समय रहते नहीं समझे तो आने वाला समय कितना विनाशकारी होगा, कल्पना कर सकते हैं। वर्तमान में स्थिति यह है कि हम पर्यावरण को बचाने के लिए बातों से चिंता व्यक्त करते हैं। सवाल यह है कि इस प्रकार की चिंता करने समाज ने अपने जीवन काल में कितने पौधे लगाए और कितनों का संवर्धन किया। अगर यह नहीं किया तो यह बहुत ही चिंता का विषय इसलिए भी है कि जो व्यक्ति पर्यावरण के प्रभाव और दुष्प्रभावों से भली भांति परिचित है, वही निष्क्रिय है तो फिर सामान्य व्यक्ति के क्या कहने। ऐसे व्यक्ति यह भी अच्छी तरह से जानते हैं कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। यह संबंध आज टूटते दिखाई दे रहे हैं। प्राण वायु ऑक्सीजन भी दूषित होती जा रही है। वह तो भला हो कि ईश्वर के अंश के रूप में में भारत भूमि पर पैदा हुआ हमारे इस शरीर में ऐसा श्वसन तंत्र विद्यमान है, जो वातावरण से केवल शुद्ध ऑक्सीजन ग्रहण करता है, लेकिन सवाल यह है कि जिस प्रकार से देश में जनसंख्या बढ़ रही है, उसके अनुपात में पेड़ पौधों की संख्या बहुत कम है। इतना ही नहीं लगातार और कम होती जा रही है। जो भविष्य के लिए खतरे की घंटी है।

आज के समाज की मानसिकता का सबसे बड़ा दोष यही है कि अपनी जिम्मेदारियों को भूल गया है। अपने संस्कारों को भूल गया है। किसी भी प्रकार की विसंगति को दूर करने के लिए समाज की ओर से पहल नहीं की जाती। वह हर समस्या के लिए शासन और प्रशासन को ही जिम्मेदार ठहराता है। जबकि सच यह है कि शासन के बनाए नियमों का पालन करने की जिम्मेदारी हमारी है। शासन और प्रशासन में बैठे व्यक्ति भी समाज के हिस्सा ही है।

# सात्विकता का प्रतीक है दूध

### सूडोकु नवताल- 6092

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6091 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

डॉ. शंकर सुवन सिंह

दूध मानव जीवन के खान पान का विशिष्ट अंग है। दूध के बिना स्वास्थ्य अधूरा है। दूध संपूर्ण आहार है। दूध एक अपारदर्शी सफेद द्रव है,जो मादाओं के दुग्ध ग्रन्थियों द्वारा बनाया जता है। गाय के दूध में प्रति ग्राम 3.14 मिली ग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है। गाय का दूध पतला होता है। जो शरीर मे आसानी से पच जाता है। स्तनधारियों से प्राप्त दूध शाकाहार है या मांसाहार ये विवाद बड़ा पुराना है। वेगन मिल्क की परिभाषा जब से आई वैसे ही दूध शाकाहार और मांसाहार के बीच फंस गया। इस द्वन्द को इस प्रकार समझें - जब स्तनधारी प्राणियों के बच्चे गर्भ में पलते हैं तब वो अपनी खुराक अपनी माँ के द्वारा ली गई खुराक से पूरा करते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि गर्भ में पलने और माँ के स्तन पान से बच्चा मांसाहारी नहीं हो जाता है। ये तो वही बात हुई कि जल शाकाहारी है या मांसाहारी। जल प्रकृति प्रदत्त है। जल पृथ्वी के नीचे से आता है न कि पेड़ पौधों से। पेड़ पौधों और जीव जंतुओं सभी को जल की आवश्यकता होती है। तभी तो कहा गया है जल ही जीवन है। मैं आपसे पूछता हूँ जल शाकाहार है या मांसाहार ? प्रकृति प्रदत्त चीजों के साथ मनुष्य को खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। हमारा मानना है कि प्रकृति प्रदत्त सभी चीजें शाकाहार की श्रेणी में आती हैं। सिर्फ ये कहना कि पेड़ पौधों से प्राप्त चीजें शाकाहर हैं और जानवरों से प्राप्त चीजें मांसाहार हैं, ये गलत होगा। स्तनधारियों का दूध देना प्रकृति प्रदत्त है ये शाकाहार श्रेणी में आता है। दूसरे शब्दों में मांस पर निर्भर रहने वाला मांसाहारी और पेड़ पौधों से प्राप्त भोज्य पदार्थों पर निर्भर रहने वाला शाकाहारी कहलाता है। प्रकृति प्रदत्त चीजें यदि मांस जैसे भोज्य पदार्थ पर निर्भर हैं तो भी वह मांसाहारी की श्रेणी में आएँगे। जैसे बहुत से पेड़ पौधे कीट पतंगों को अपना भोजन बना लेते हैं। तो ऐसे पेड़ पौधे मांसाहारी की श्रेणी में आएँगे। जानवरों से प्राप्त गोबर, मूत्र, आदि मांस की श्रेणी में नहीं आते हैं। अतएव इनका उपभोग करने वाला मांसाहारी कैसे हो गया ? इसी प्रकार स्तनधारियों से प्राप्त होने वाला दूध मांस तो नहीं है फिर इसका उपभोग करने वाला मांसाहारी कैसे हो गया ? अतएव दूध को पीने वाला दूधाहारी कहलाएगा। जल को पीने वाला जलाहारी कहलाएगा। फल को खाने वाला फलाहारी कहलाएगा। इसी प्रकार साग सब्जी को खाने वाला शाकाहारी कहलाएगा। दूध को शाकाहार कहने में आपत्ति तब से होने लगी है जब से देश में वीगनिस्म (वेगन मिल्क) के बारे में जागृति आने लगी। वीगनिस्म, फ़ूड प्रोसेसिंग की देन है। फ़ूड प्रोसेसिंग प्रक्रिया के अंतर्गत पेड़ पौधों से प्रात चीजों की प्रोसेसिंग करके वेगन मिल्क का निर्माण होता है। वीगन मिल्क पौधे आधारित दूध होते हैं। जिसमें कम मात्रा में फैट पाया जाता है। जैसे सोया मिल्क, कोकोनट मिल्क, कैश्यू मिल्क, बादाम का दूध, ओट्स मिल्क आदि। वेगन मिल्क, दूध उत्पादन बढ़ाने में सहायक हो सकता है पर ये कहना कि स्तनधारी प्राणियों से प्राप्त दूध को पीना मांसाहार है तो ये भारत की संस्कृति पर प्रहार होगा। वेगन मिल्क पोषण का एक अच्छा स्त्रोत्र है। पौधों से उनके फल या बीज लेकर उनका प्रोसेस किया जाता है तब जा कर कहीं वेगन मिल्क का निर्माण होता है। दुधारू पशुओं से प्राप्त दूध बिना प्रोसेसिंग किये प्राप्त किया जा सकता है। वेगन मिल्क से ज्यादा अच्छा पोषण, दुधारू पशुओं से मिलने वाले दूध में होता है। अमेरिकी संस्था पेटा जानवरों के संरक्षण की बात करती है। पेटा (पशुओं के साथ नैतिक व्यवहार के पक्षधर लोग) एक पशु-अधिकार संगठन है। इसका मुख्यालय यूएसए के वर्जिनिया के नॉर्फोल्क में स्थित है। विश्व भर में इसके लगभग 20 लाख सदस्य हैं और यह अपने को विश्व का सबसे बड़ा पशु-अधिकार संगठन होने का दावा करता है। इन्ग्रिड न्यूकिर्क इसके अन्तरराष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। पेटा पशुओं के प्रति इतना सम्मान रखती है तो दुधारू पशुओं को बीफ के रूप में क्यों खाया जाता है ? पेटा पशुओं के प्रति इतना प्रेम रखती है तो विश्व में पशु क्यों काटे जाते हैं ? पेटा को वेगन मिल्क और दुधारू पशुओं से मिलने वाले मिल्क पर बहस न करके पशुओं के कटने - काटने पर रोक लगाने सम्बन्धी विषय पर शोध करना चाहिए। पेटा को दुधारू पशुओं से मिलने वाले दूध से द्वेष नहीं होना चाहिए। %आरोग्य गीता% में लिखा है कि चेहरे की चमक को प्राकृतिक रूप से निखारने के लिए %पंचगव्य (गोमूत्र, गोबर, दूध, दही, घी) दुनिया की सर्वश्रेष्ठ दवा है। सरकार ने मार्च 2020 से गोबर से पेंट बनाने के लिए खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग को प्रेरित किया था।

## निरोग काया के लिये पर्यावरण जरूरी !

डॉ. भरत मिश्र प्राची

**( 5 जून पर्यावरण दिवस पर विशेष)**

जीवन में सबकुछ है पर काया निरोग नहीं है, तो कुछ नहीं। निरोग काया से जो आनन्द हासिल हो सकता है, वह आनन्द दुनियां की कोई चीज नहीं दे सकती। काया को निरोग रखने में पर्यावरण की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। पर्यावरण के लिये जरूरी है शुद्ध हवा, पानी जो आज के व्यस्ततम आधुनिकरण से भरपूर आपाधापी युग में धीरे - धीरे समाप्त होता जा रहा है

**‘कट रहे वृक्ष ,उजड़ रहे नगर , बस रहे नित दिन नये नये शहर ।**

**मोटर कल कारखाने मिलकर, उगल रहे सब यहां जहर ।।**

वन - उपवन उजड़ते जा रहे है नदी - तालाब सुखते जा रहे , धरती छोटी पड़ती जा रही है , बम - बारूद की बरसात होती जा रही है। इस तरह के हालात में शुद्ध जल, हवा का मिलना कतई संभव नहीं। पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। जिसका नजारा सभी के सामने है। पर्यावरण के बिगड़ते हालात के चलते तरह - तरह की बीमारी से इंसान ग्रसित होता जा रहा है जहां उसके द्वारा अर्जित धन का अधिकांश भाग दवा में खर्च होता जा रहा है। संपूर्ण विश्व को अपनी चपेट में लेने वाली कोरोना जैसी भयंकर महामारी का अंजाम सभी के सामने है। जहां आक्सीजन की कमी से कई जानें चली गई। फिर भी हम नहीं चेत रहे है। घुटन भरी जिंदगीं गिन रही सांस। यह प्रतिफल बिगड़ते पर्यावरण का हीं कारण है। पर्यावरण से हमारा कितना लगाव एवं प्रभाव है,यह जानने के लिये जरा अतीत की ओर लौटे जब आज की तरह आधुनिकरण नहीं हुआ था। जब पीने, नहाने, भोजन आदि बनाने के लिये पानी नलकूप की जगह कुंए से आता था। हमारे चारों ओर बाग बगीचे हुआ करते जिसके शुद्ध वातावरण में हम सांस लेते। पशुधन से हमें जलावन एवं शुद्ध दुध मिला करता तब न तो इतने चिक्तिसालय हुआ करते न चिक्सिक फिर भी लोग लम्बी आयु तक हिष्टपुष्ट होकर जीवन यापन करते। उस समय बीमारी आज की तरह नहीं होती यदि होती तो उसका इलाज वैद्य देशी जड़ी बूटी से कर देते। तब का पर्यावरण आज की तरह प्रदूषित नहीं था। पर्यावरण की बदलती दशा एवं दिशा ने जीवन धारा को ही बदल दिया, जहां पग - पग पर संकट के बादल मड़रा रहे है। निरोग काया के लिये शुद्ध वातावरण का होना जरूरी है जो सही पर्यावरण से ही संभव है। इसके लिये जरूरी है कि हम आस -पास पेड़ - पौधे लगाएं, आस - पास की गंदगी को नदी नाले में न डालकर जमीन में दबा दें।

# शरीर को गर्माहट भी देगा और इम्यूनिटी भी बढ़ाएगा

# Mushroom-Chicken Soup

सर्दी के मौसम में शरीर को गर्म और हाइड्रेटेड रखना बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे में आज हम आपको लिए मशरूम चिकन सूप की रेसिपी लेकर आए हैं जो शरीर को गर्माहट देगा और इम्यूनिटी भी बढ़ाएगा। साथ ही इसका सेवन आपको सर्दी-खांसी जैसी छोटी मोटी समस्याओं से बचाने में भी मदद करेगा। चलिए आपको बताते हैं मशरूम-चिकन सूप बनाने की आसान रेसिपी और इसके जबरदस्त फायदे भी...



### सामग्री (सर्विंग्स - 3)

- चिकन स्टॉक - 1 लीटर
- दालचीनी छड़ी - 1
- स्टार ऐनीज़ - 1
- ड्राई लेमनग्रास - 1 टेबल स्पून
- अदरक - 1 टेबल स्पून
- लहसुन - 1 टेबल स्पून
- चिकन ब्रेस्ट - 190 ग्राम
- जैतून का तेल - 1 टेबल स्पून
- मशरूम - 80 ग्राम
- साबुत लाल मिर्च - 1 टेबल स्पून
- चिकन स्टॉक - 800 मि.ली.
- सोया सॉस - 1 टी स्पून
- फिश सॉस - 1 टी स्पून
- लाल मिर्च की चटनी - 2 टी स्पून
- नमक - 1/4 टी स्पून
- काली मिर्च पाउडर - 1/4 टी स्पून
- नींबू का रस - 2 टेबल स्पून
- मक्के के आटे का घोल - 1 टेबल स्पून
- हरा प्याज - 2 टेबल स्पून
- हरा प्याज़ - गार्निश के लिए

### चलिए चिकन सूप पीने के जानिए सेहत से जुड़े जबरदस्त फायदे

1. बहुत सारी सब्जियों, शोरबा या स्टॉक के साथ तैयार किया गया चिकन सूप सर्दियों के लिए बेहतरीन विकल्प है।
2. इसमें जस्ता, फास्फोरस, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है।
3. इससे आप सर्दी-खांसी, गले की खराश, जुकाम जैसी समस्याओं से बचे रहते हैं।
4, वजन घटाना चाहते हैं तो चिकन सूप आपके लिए बेहतर ऑप्शन है। वेट लूज के लिए आप इसे अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।
5. इससे पाचन क्रिया भी सही रहती है और इससे कब्ज, एसिडिटी जैसी समस्याएं भी दूर रहती है।

### बनाने की रेसिपी

- एक पैन में 1 लीटर चिकन स्टॉक, दालचीनी स्टिक, स्टार ऐनीज, ड्राई लेमनग्रास, अदरक, लहसुन, चिकन ब्रेस्ट डालकर मीडियम आंच पर 15-20 मिनट तक उबालें।
- जब यह पक जाए तो चिकन स्टॉक को छानकर काटें और एक तरफ रख दें।
- दूसरे पैन में जैतून तेल गर्म करके मशरूम को मीडियम आंच पर 4-5 मिनट तक भूनें।
- इसमें साबुत लाल मिर्च डालकर अच्छी तरह मिला लें।
- फिर, इसमें 800 मि.ली. चिकन स्टॉक, सोया सॉस, फिश सॉस, रेड चिली सॉस, कटा हुआ चिकन डालकर मीडियम आंच पर 5-7 मिनट तक पकाएं।
- इसमें नमक, काली मिर्च पाउडर, नींबू का रस, मक्के के आटे का घोल डालकर मीडियम आंच पर 2 - 3 मिनट तक पकाएं।
- इसमें हरा प्याज डालकर मीडियम आंच पर 1 - 2 मिनट तक पकाएं।
- लीजिए आपका सूप बनकर तैयार है। इसे हरे प्याज से गार्निश करके गर्मा-गर्म परोसें।



## गणतंत्र दिवस के मौके पर ट्राई करें ये ट्रिपल कलर कोकोनट लड्डू

गणतंत्र दिवस आने में कुछ दिन ही बाकी है। ऐसे में आप चाहे तो घर पर तिरंगा नारियल लड्डू बनाकर खा सकते हैं। चलिए जानते हैं इसे बनाने का तरीका...

### सामग्री

- नारियल का बूरा- 500 ग्राम
- माला- 500 ग्राम
- पिसी चीनी- 2-3 कप
- इलायची पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच
- खाने का ग्रीन और ऑरेंज कलर- जरूरत अनुसार
- सूखे मेवे- जरूरत अनुसार (कटे हुए)

### ऐसे करें नारियल के तिरंगा लड्डू तैयार

- पैन में मध्यम आंच पर मावा सुनहरा होने तक भूनें।
- अब इसे थोड़ा ठंडा कर लें।
- खोया ठंडा होने पर इसमें चीनी, नारियल का बुरादा, ड्राई फ्रूट्स और इलायची डालकर मिलाएं।
- मिक्सचर को तीन भागों में बांटकर पहले भाग को सफेद रहने दें।
- दूसरे भाग में ऑरेंज और तीसरे भाग में ग्रीन कलर डालकर मिलाएं।
- तैयार मिश्रण को थोड़ा-थोड़ा हाथ में लेकर लड्डू बनाएं।
- लीजिए आपके तिरंगा लड्डू बनकर तैयार है।
- इसे सर्विंग प्लेट में रखकर सर्व करें।
- बाकी के तिरंगा लड्डूओं को एयर टाइट कंटेनर में डालकर फ्रिज में स्टोर करें।

## घर पर मिनटों में बनाएं क्रीमी मशरूम मेथी मसाला

आज आप लंच में क्रीमी मशरूम मेथी मसाला बनाकर खा सकते हैं। ये टेस्टी होने के साथ मिनटों में बनने वाली रेसिपी है। ऐसे में ये आपके घर के सभी सदस्यों को खूब पसंद आएगी।

### सामग्री

- मशरूम- 1/2 कप
- मेथी- 1/2 कप
- पालक- 1/2 कप
- क्रश किए हुए कॉर्न- 1/2 कप
- क्रीम- 2 बड़े चम्मच
- दही- 2 बड़े चम्मच
- जीरा- 1 चम्मच
- नमक- स्वाद अनुसार
- लहसुन- 3-4 कली
- धनिया पाउडर- 2 छोटे चम्मच
- हल्दी/लाल मिर्च पाउडर- 1/2 चम्मच
- तेल- जरूरत अनुसार

### विधि

- सबसे पहले मेथी, पालक, मशरूम, लहसुन को धोकर काट लें।
- मीडियम आंच पर पैन में तेल गर्म करके जीरा, लहसुन भूनें।
- इसके बाद मेथी डालकर 2 मिनट पकाएं।
- अब इसमें क्रीम और दही मिलाकर 2-5 मिनट तक पकाएं।
- इसमें हल्दी, लाल मिर्च, धनिया पाउडर और नमक डालकर 2 मिनट तक पकने दें।
- मेथी के पकने पर इसमें मशरूम और कॉर्न मिलाकर मशरूम नरम होने तक पकाएं।
- आप इसमें थोड़ा पानी भी मिला सकते हैं।
- मशरूम नरम होने पर इसे ढक्कर 2 मिनट और पकने दें।
- लीजिए आपका क्रीमी मशरूम मेथी मसाला बनकर तैयार है।
- इसे सर्विंग डिश में निकालकर रोटी, परांठा या नान के साथ सर्व करें।



## सर्दियों में पीएं पोषक तत्वों से भरा पालक सूप, जानिए रेसिपी

सर्दियों में बीमारी की चपेट में आने का खतरा अधिक रहता है। ऐसे में आप शरीर को गर्माहट देने व बीमारियों से बचाने के लिए पोषक तत्वों से भरपूर पालक का सूप बनाकर पी सकते हैं। इसका सेवन करने से आपकी इम्यूनिटी तेजी से बूस्ट होकर बीमारियों से लड़ने की शक्ति बढ़ेगी। इसके साथ ही पालक आंखों, हड्डियों को मजबूत करने में मदद करती है। ऐसे में यह हेल्दी सूप आपके घर के बच्चों से लेकर बड़ों तक हर किसी की सेहत व टेस्ट को बरकरार रखने में मदद करेगा। आइए जानते हैं इस टेस्टी एंड हेल्दी सूप बनाने का तरीका...



### सामग्री

- पालक- 200 ग्राम (कटी हुई)
- पानी- 1 कप
- हरा प्याज या स्प्रिंग अनियन- 1 ( कटा हुआ)
- ऑलिव ऑयल- 1 चम्मच
- ऑरेगेनो- 1/2 चम्मच
- दूध- 1 कप
- नमक- स्वाद अनुसार
- काली मिर्च- 1/4 छोटा चम्मच
- ब्रेड क्रुटोंस/घिसा हुआ चीज- जरूरत अनुसार

### ऐसे करें पालक सूप तैयार

- सबसे पहले पैन में पानी गर्म करके उसमें पालक डालकर पकाएं।
- पालक पकने पर इसे छानकर पानी से अलग करें।
- अब ब्लेंडर की मदद से उबली पालक का पेस्ट बना लें।
- पैन में जैतून तेल डालकर गर्म करें।
- अब इसमें ऑरेगेनो, स्प्रिंग अनियन डालकर 1 मिनट लगातार चलाते हुए पकाएं।
- इसके बाद इसमें पालक का पेस्ट, दूध, नमक और काली मिर्च डालकर 2-3 मिनट तक लगातार चलाते हुए पकाएं।
- लीजिए आपका सूप बनकर तैयार है।
- इसे सर्विंग बाउल में निकालकर ऊपर चीज और क्रूटोंस से गार्निश करके सर्व करें।

## गणतंत्र दिवस पर बनाएं ट्रिपल कलर स्मूथी



गणतंत्र दिवस के त्योहार को पूरा देश धूमधाम से मनाता है। इसी दिन भारत देश का संविधान लागू होने से लोग इस खास मौके पर अपनों का मुंह मीठा करवाकर बधाई देते हैं। ऐसे में अगर आप भी ट्राई कलर स्मूदी बनाकर अपने मेहमानों को सर्व कर अपने दिलों में देशभक्ति की मिठास घोल सकते हैं। चलिए जानते हैं इसे बनाने की रेसिपी...

### ऑरेंज लेयर के लिए

- आम का पल्प- 1/2 कप
- दही- 2 बड़े चम्मच
- शहद- स्वाद अनुसार

### सफेद परत के लिए

- केला पेस्ट- 2 बड़े चम्मच
- शहद- स्वाद अनुसार

### हरी परत के लिए

- दही- 2 बड़े चम्मच
- कीवी पल्प- 2 बड़े चम्मच
- पिस्ता- 4-5 (कटा हुआ)
- शहद- स्वाद अनुसार

### तिरंगा स्मूदी बनाने की रेसिपी

- सबसे पहले सभी सामग्री को अलग-अलग ब्लेंड कर लें।
- अब गिलास में हरे लेयर की सामग्री डालकर 20 मिनट फ्रिज में रखें।
- इसके बाद इसपर सफेद लेयर डालकर 20 मिनट फ्रिज में रखें।
- आखिर में ऑरेंज लेयर की सामग्री डालकर 20 मिनट तक फ्रिज में रखें।
- लीजिए आपको टेस्टी-टेस्टी तिरंगा स्मूदी बनकर तैयार है।




## कड़ाके की ठंड में लें सुपर हेल्दी चिप्स का मजा



बच्चों को चिप्स खाना बेहद पसंद होता है। मगर बाहर से मिलने वाले चिप्स में ज्यादा मसाला होता है जो सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में आप बच्चों को घर पर आलू की जगह पर शकरकंद और कच्चे केले के चिप्स बनाकर दे सकती हैं। ये खाने में टेस्टी होने के साथ हेल्दी होंगे। आप इसे कड़ाके की ठंड में शाम की चाय के साथ भी खा सकते हैं।

### 1. शकरकंद के चिप्स

- **सामग्री:** शकरकंद- 4
- तेल- जरूरत अनुसार
- सेंधा नमक या नमक- स्वाद अनुसार
- काली मिर्च/चाट मसाला- स्वाद अनुसार

### विधि

- एक बाउल ठंडे पानी में 1 छोटा चम्मच नमक मिलाएं।
- अब शकरकंद को छीलकर धोकर 10-12 मिनट तक पानी में भिगोएं।
- इसके बाद इसे मोटे स्लाइस में काटकर प्लेट में फैलाकर रखें। ताकि इसका पानी सूख जाएं।
- अब पैन में तेल गर्म करके इसमें शकरकंद के चिप्स सुनहरा भुरा होने तक डीप फ्राई करें।
- तैयार चिप्स को किचन पेपर पर रखकर एक्स्ट्रा तेल निकाल लें।
- इसे सर्विंग प्लेट पर रखकर ऊपर से काली मिर्च पाउडर, नमक और चाट मसाला छिड़ककर सर्व करें।

### 2. केले के चिप्स





- **सामग्री:** कच्चे केले - 6
- तेल- जरूरत अनुसार
- सेंधा नमक या नमक- स्वाद अनुसार
- काली मिर्च/चाट मसाला- स्वाद अनुसार

### विधि

- सबसे पहले केलों को छीलकर ठंडे पानी के बाउल में 1 छोटा चम्मच नमक मिलाकर भिगोएं।
- इसे 10-12 मिनट तक भिगोएं।
- बाद में कटर से केले के मोटे व गोल टुकड़े करके इससे पेपर या कपड़े पर फैलाकर रखें।
- केले का पानी सूख जाने पर पैन में तेल गर्म करें।
- अब केले के स्लाइस को हल्का लाल होने तक डीप फ्राई करें।
- लीजिए आपके केले के चिप्स बनकर तैयार है।
- इसे सर्विंग प्लेट पर निकालकर ऊपर से चाट मसाला, नमक व काली मिर्च छिड़कर सर्व करें।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने रौन एवं मिहोना क्षेत्र के स्ट्रॉग रूम,मतगणना स्थल एवं मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

## पंचायत एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन को निष्पक्ष,भयरहित एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने अधिकारियों को दिए निर्देश



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** रौन में त्री-स्तरीय पंचायत के लिए निर्वाचन 25 जून को एवं मिहोना नगरीय निकाय के लिए निर्वाचन 6 जुलाई को होगा। इसी संदर्भ में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने शनिवार को रौन एवं मिहोना क्षेत्र के त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों हेतु बनाये गये मतदान केन्द्रों,स्ट्रॉग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके साथ ही ग्रामीण एवं नगरीय जन को भी समझाईश दी कि सभी लोगों को मतदान शत-प्रतिशत करना है। भ्रमण के दौरान एसडीएम लहार आरबी प्रजापति,एसडीओपी अवनीश बंसल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने रौन क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक विद्यालय लपवाहा,शा.प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय अचलपुरा,शा हाईस्कूल जैतपुरा मढ़ी में पंचायत एवं शा.उ.मा विद्यालय मिहोना में नगरीय निकाय हेतु बनाए गए मतदान केन्द्रों का

## ग्रामीण एवं नगरीय जन से चर्चा कर निर्वाचन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की समझाइश दी

भ्रमण कर वहां पर छाया, पानी, भवन, गेट, खिड़की, दरवाजे, रैम्प आदि का अवलोकन किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदान के पहले मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधायें समय से पूर्व सुनिश्चित कर ली जाये। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, इसके लिये मतदान केन्द्रों पर साफ-सफाई, मतदान दलों के रूकने के लिये आवश्यक सुविधायें अभी से सुनिश्चित करायी जायें। कलेक्टर ने ग्रामीण एवं नगरीय जन से चर्चा कर निर्वाचन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि बरसात को ध्यान में रखते हुये मतदान केंन्द्र की छत में पानी नहीं टपकने चाहिये, आवश्यकता पड़ने पर तत्काल छत का स्टीमेट प्रस्तुत करके रिपेयरिंग करायी जाये। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने ने कहा कि सभी निडर होकर मतदान करें। पंचायत चुनाव में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा, आवश्यकता पड़ने पर पंचायत चुनाव में फोर्स की कई टुकड़ियां भी जिले को मिलेंगी। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने पंचायत एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन को निष्पक्ष,भयरहित एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने मिहोना थाने में ग्राम एवं नगर के प्रबुद्धजन के साथ बैठक लेकर निर्वाचन के संबंध में विभिन्न विषयों पर चर्चा की,इसी के साथ उन्होंने प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारियों को भी निर्वाचन व्यवस्थित,निष्पक्ष, भयरहित एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने निर्देश दिये।

## देवभोग- लिखित आश्वसन के बावजूद 30 मई तक नही मिली शिक्षकों को पेंशन की राशि,3 मई से फिर धरने पर डटेंगे शिक्षक।

देवभोग में पदस्थ 500शिक्षकों के लापता 3 करोड़ रुपये के एनपीएस योजना की राशि का मशला अब तक नही सुलझा है। 20 मई से 23 मई तक शिक्षक फेडरेशन के बैनर तले



शिक्षक धरने पर बैठे थे।बीइओ ने इस समय 30 मई तक एनपीएस की राशि दिलाने का लिखित आश्वसन दिया था। संघ के शिक्षक अवनीश पात्र ने बताया कि तय मियाद में राशि का कोई अता पता नही चल सका जिसके कारण आज एसडीएम के समक्ष दोबारा ज्ञापन दिया गया है।ज्ञापन में कहा गया है कि ब्लॉक के समस्त सहायक शिक्षक व एलबी संवर्ग के शिक्षक 3 जून से दोबारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

### यह था मामला

नेशनल पेंशन स्कीम के तहत देवभोग ब्लॉक के समस्त शिक्षको के वेतन से 10 फीसदी की राशि 2012 से कटौती शुरू हुई।मार्च 2022 तक कूल 96 किश्त काटा गया। 1 अप्रेल से शिक्षक नियमित हुए तो एनपीएस की कटौती बन्द हो गया।लेकिन एनपीएस के खाते में लगभग 600 शिक्षको के 30 से 35 किश्त राशि जमा नहीं दिखा रहा है।कटौती की राशि लगभग 3 करोड़ होती है,जिसे लेने के लिए शिक्षक लगातार संघर्ष कर रहे है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया पर्यावरण सप्ताह



**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** –सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्यावरण सप्ताह और वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान अस्पताल में मोजूद स्टाफ ने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए पौधारोपण करने, पेड़-पौधों का संरक्षण करके पर्यावरण को बचाने, पानी और बिजली की बचत का संकल्प लिया अस्पताल परिसर में फूलदार पौधे फलदार पौधा लगाये इस दौरान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर आलोक शर्मा ,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ वीरेंद्र सिंह ,मेडिकल ऑफिसर डॉ धीरज गुप्ता जी, फार्मासिस्ट प्रदीप शर्मा, रेडियोग्राफर रवि जोशी, कम्प्यूटर आपरेटर गौरव बाथम, टीवी सुपरवाइजर अरुण भदौरिया रमाकांत मिश्रा , एएनएम मालती गुप्ता, सत्येंद्र, राधे, प्रदीप भटेले इत्यादि उपस्थित रहे।

## मुरैना के अंबाह नगर में पीडीएस (कंट्रोल) की दुकान पर भ्रष्टाचार,फूड इंस्पेक्टर श्री उमेश शर्मा मोन, जिले के उच्च अधिकारी संज्ञान मैं लेकर पीडीएस दुकानों की करवाए जांच।

**गणेश शंकर राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

**अंबाह।** अंबाह नगर और आसपास की पीडीएस की दुकानों पर धांधली व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है फूड इंस्पेक्टर श्री उमेश शर्मा जी मोन है कि उनके नाक के नीचे यह सब हो रहा है फिर भी वे सुस्त अवस्था मैं है

आगे समाचार यह है कि आए दिन किसी न किसी पीडीएस दुकानों पर अनाज की मात्रा को कम करके दिया जा रहा है जैसे कि किसी पीडीएस दुकान पर 10द्मद्द की तोल की जाती है तो काटा गड़बड़ कर तोल को 8.7 द्मद्द या 9 द्मद्द कर दिया जाता है इसी प्रकार कही 100 ग्राम, 200ग्राम या फिर 500 ग्राम कर दिया जाता है सबसे बड़ी समस्या गरीबों को भोजन की है.



खासकर उनलोगों के लिए जो दैनिक मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं. ऐसे में उनकी निर्भरता क्कष्ठस् पर होती है. वे पूरी सजगता के साथ राशन लेने समय पर दुकान पर पहुंचते हैं. लेकिन इसमें परेशानी होती है. कई तरह की जानकारी नहीं मिल पाती है. और तो और दुकानदार अपनी मनमानी करते हैं तहसील स्तर या ब्लॉक स्तर के संबंधित अधिकारी कोई जांच व निरीक्षण नही कर रहे है जिले मैं पदस्थ उच्च अधिकारी इस विषय को संज्ञान मैं ले जिससे मनमानी कर रहे पीडीएस दुकान वालों पर जांच कर पीडीएस दुकानों के विरुद्ध कार्यवाही हो सके

## त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2022 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधी विभिन्न क्रियाकलापों एवं निर्देशों के परिपेक्ष्य में जिला मुख्यालय स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उक्त कंट्रोल रूम लोक सेवा प्रबंधन कार्यालय में बनाया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07492-233881 है।




कंट्रोल रूम के प्रभारी के रूप में लोक सेवा प्रबंधक रवि शर्मा को नियुक्त किया गया है। जबकि सहायक प्रभारी के रूप में जिला पंचायत एसबीएम के जिला समन्वयक सत्यमूर्ति पाण्डे को नियुक्त किया गया है। कंट्रोल रूम के संचालन हेतु चक्रीय क्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें प्रातः 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक के लिए नोडल अधिकारियों के रूप में बाल संरक्षण अधिकारी राघवेन्द्र शर्मा (9425756400) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियुक्त कर्मचारियों में सहायक वर्ग-3 अनुपम शर्मा (9685681008), आउटरीच कार्यकर्ता मनीष शर्मा (7999794184), भृत्य जितेन्द्र शर्मा(7225935396) शामिल है। दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिए पीआईयू-दो के उपयंत्री बी.डी.शाक्यवार (9425633775) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियुक्त कर्मचारियों में सहायक वर्ग-तीन डेविड मसराम(7225935396), आकड़ा विश्लेषक देवेन्द्र धाकड़ (8770684554), भृत्य मदन मोहन नामदेव को नियुक्त किया गया है। रात्रि 10 बजे से प्रातः 08 बजे तक के लिए नोडल अधिकारी के रूप में वरिष्ठ कृषि अधिकारी एस.एस.शर्मा(9754180549) को नियुक्त किया गया है। जबकि नियुक्त कर्मचारियों में सामाजिक कार्यकर्ता जीतेश जैन(9893849629), डाटा एन्ट्री ऑपरेटर राजेश खत्री (9981568513), भृत्य रामदास जाटव (7999174868) शामिल है। रिजर्व दल में लेखापाल नीतेश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता जीतेन्द्र दांगी, परामर्शदाता प्रमोद दोहरे को नियुक्त किया गया है।

## श्री लिलड़ीया भेरूजी आई माताजी आश्रम नीव का हुआ शुभ मुहूर्त



**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सैणचा ब्यूरो सीफ**

**चेन्नई–** शनिवार दोपहर आज श्री लिलडीया भेरुजी आईमाताजी सोऽहम आश्रम एम के बी नगर पेरीयपालीयम उत्तकोटे तालुक जिला तिरुवलुर तमिलनाडु मे आश्रम निर्माण के लिए नीव? का मुहूर्त कार्यक्रम बडी धूम धाम से सम्पन्न हुआद्य इस कार्यक्रम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव एम. एस. आणदप्रकाश शर्मा सघंठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष एस नरेशपुरी गोस्वामी प्रदेश प्रभारी आर. कालुराम सोलंकी सघंठन के सहसचिव ए .जी श्याम भाटी सघंठन के प्रदेश उपाध्यक्ष भभुतराम कुलदानीया जाट राजस्थान पत्रिका सहसम्पादक अशोकसिंह राजपुरोहित सघंठन काञ्चीपुरम जिला प्रभारी उमाराम परिहार सघंठन ऐलापुरम पंचायत समिति सचिव एल दुर्गाराम परिहार सघंठन के पुन्नामली ऐरीया अध्यक्ष रुपाराम सीरवी सघंठन सहसचिव टी. पारसमल चोयल सघंठन के पट्टाभीराम एरिया अध्यक्ष पारसमल परमार जैन सघंठन के सहसचिव नेमीचन्द जाट सघंठन के पट्टाभीराम एरीया सचिव मोतीलाल उपाध्याय शर्मा सीरवी समाज ट्रस्ट पट्टाभीराम अध्यक्ष एन. भंवरलाल परिहार बाबुलाल राठौड़ सघंठन के चेगंलपेट जिला प्रभारी डी. तेजराज बर्फा सीरवी देवमिश्रा, शिक्षक मांगीलाल गेहलोत रायपुर मारवाड़ इन्द्रचन्द परिहार, घेवरचन्द काग ,रमेश सीरवी, डी.चेनाराम परीहार, राजेन्द्र सिंह, राज ,हरिओम शास्त्री सहित बड़ी सख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे इस मेहतपूण कार्यक्रम मै पधारे सभी गणमान्य पदाधिकारियों का भारतीय उधोग व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री ऐवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वह आश्रम के संचालक स्वामी तेजानन्द ने आर्शीवाद दिया वह आभार व्यक्त किया

## विश्वकर्मा जन संगठन मध्यप्रदेश द्वारा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.बेताल विश्वकर्मा जी के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण एवं टीशर्ट वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न

**महेन्द्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**



**मौ-भिंड।** दिनांक 4 जून 2022 को विश्वकर्मा जन संगठन मध्यप्रदेश द्वारा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.बेताल विश्वकर्मा जी के नेतृत्व मैं सदस्यता ग्रहण एवं टीशर्ट वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ तथा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्री मोहन विश्वकर्मा जी , लच्छीराम विश्वकर्मा जी , छबिराज विश्वकर्मा जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे तथा इनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । संगठन के प्रदेशाध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि अब समस्त विश्वकर्मा वंशियों को एकजुट होकर समाज के उत्थान के लिए एक मंच पर आने का समय आ गया है तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाग लेने की भी बात कही एवं संगठन द्वारा सामाजिक छेत्र मैं कार्य करने को भी कहा इस अवसर पर प्रेमनारायण विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, लल्लूराम विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा, तेजसिंह विश्वकर्मा, गंभीर विश्वकर्मा, अजय झा,रमेश विश्वकर्मा, सौरव झा,राजेश विश्वकर्मा, डॉ.गोविंद विश्वकर्मा, आकाश विश्वकर्मा,सांख विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा,उग्रसेन विश्वकर्मा, पवन सोनी,राकेश विश्वकर्मा, दिलीप,राजीव,शिवम,कल्लू,अंकित,जीतू,चिंतामन,मुन्नालाल,गौरीशंकर, राहुल,गजेंद्र,रामबीर,रामनिवास डॉ.सुनील इत्यादि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे , मंच का संचालन डॉ बेताल सिंह गौड़ ने किया।

# कोलारस पुलिस द्वारा बडी मात्रा में अवैध शराब जप्त कर आरोपीगणो को गिरफ्तार किया

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**–श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा जिले में अवैध शराब की रोकथाम करने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवुपरी एंव एसडीओपी महोदय अनुभाग कोलारस के मार्गदर्शन में दिनांक 04/06/22 को दौराने कस्बा गश्त के मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि शिवपुरी तरफ से गुना की ओर एक कार सेवरोले यूव्हीए ग्रे कलर की है। जो एमपी 17 सीए 1556 नंबर की है। कार में कोई 02 लोग अवैध शराब लेकर विक्रय हेतु ले जा रहे है। सूचना की तस्दीक हेतु



राहगीर पंचानों को साथ लेकर मुखविर के बताए अनुसार ट्रकों के पीछे आ रही एक सेवरोले यूव्हीए ग्रे कलर की कार को शासकीय वाहन के सहयोग से पूरनखेडी टोलटैक्स के पास फोरलाइन एबीरोड पर रोका। कार में 02 लड़के थे जिसमें से एक कार चला रहा था तथा एक पीछे की सीठ पर बैठा था। कार के अंदर 12 पेटी सफेद मदिरा मसाला की रखी थी। तथा कार की डिग्गी को खुलवाकर देखा तो 08 पेटी लाल मसाला मंदिरा की रखी पाई। कुल 20 पेटी शराब की जिसमें प्रत्येक पेटी में 50-50 पउआ सीलबंद होकर रखे थे। जिसमें 12 पेटी प्लेन मदिरा शराब की रखी मिली पेटियों को खोलकर चैक किया तो प्रत्येक पेटी मे 50-50 क्वाटर रखे मिले। जिनमें कुल 600 क्वाटर कीमती करीवन 42000 रूपये के रखे मिले तथा कार की डिग्गी खुलवाई तो उसके अंदर 08 पेटी मसाला शराब रखी मिली पेटियों को खोलकर चैक किया तो प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वाटर कुल 400 क्वाटर शीलबंद कीमती करीवन 36000 रूपये के रखे मिले। जिन्हें रखने व लाने ले जाने का लाइसेंस चाहा तो दोनो के पास कोई लाइसेंस ना होना बताया। आरोपीगणो का कृत्य धारा 34(2) आवकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से गाड़ी की लाईट के उजाले में मौके पर विधिवत समक्ष पंचानो के उक्त देशी व मसाला शराब की कुल 20 पेटियो व शेवरोले युवा कार क्र. एमपी 17 सीए 1556 को जम कर उक्त आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में निरी. मनीष कुमार शर्मा, उनि बैजनाथ मिश्रा, सउनि तेजसिंह गौढ की विशेष भूमिका रही है।

# सीपीएस राशि में गड़बड़ी को लेकर शिक्षकों ने इस तपती धूप में धरने पर बैठे...

## ब्लॉक के अधिकारी के आश्वासन हुआ निराधार ,आश्वासन के बाद भी शिक्षकों को अभी तक नहीं मिला सही न्याय..



**देवभोग न्यूज़...** देवभोग ब्लॉक में पदस्थ करीब एक हजार शिक्षकों ने अपनी नेशनल पेंशन योजना( एन पी एस) में अनियमितता को लेकर देवभोग मुख्यालय मे विकास खंड शिक्षा अधिकारी के परिसर पर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं।

शिक्षकों की मानें तो एम.पी.एस के तहत सीपीएस की राशि बीओ कार्यालय व जनपद कार्यालय होते हुए जिला पंचायत के माध्यम से सीधा एन एस डी एल के खाते में जमा होती थी। और जब शिक्षकों के द्वारा इन राशि का बैंक स्टेटमेंट निकाला गया तो पता चला कि एन पी एस की राशि में बड़ी अनियमितता बरती गई है। जिसके चलते देवभोग ब्लॉक के करीब एक हजार शिक्षकों ने विगत दो साल से बीओ कार्यालय में आवेदन देकर एन पी एस की राशि को लगातार सुधारने की मांग कर रहे हैं। पूर्व में जेडी के समस्या निवारण शिविर में भी ये सभी शिक्षक आवेदन देकर अपनी सी पी एस की राशि की मांग रखी थी। लेकिन अब तक उन्हें आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। जिसके चलते निराश ये शिक्षक 20 मई से 22 मई तक 3 दिनों तक धरने पर बैठे हुए थे। और उन्हें आश्वासन भी उच्च अधिकारी के द्वारा दिया गया कि 30 तारीख के भीतर उनकी सभी मांगों को पूरा कर दिया जाएगा। और जो राशि की कटौती हुई है वह सभी राशि उनके के खाते में जमा हो जाएगी। लेकिन ब्लॉक के अधिकारियों के 30 तारीख गुजर जाने के बाद भी इन सभी शिक्षकों का अब तक कोई निराकरण नहीं किया गया। जिसके चलते ब्लॉक में पदस्थ करीब एक हजार शिक्षकों ने अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए हैं। उनका मानना है कि जब तक हमारी सी पी एस कटौती की राशि अपने खाते में जमा नहीं होगी तब तक हम अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे रहेंगे।

अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि शिक्षकों के खाते की कटी हुई राशि जब उनके खाते में डल तो जाएगी। लेकिन शासन के द्वारा उन्हें जो दश प्रतिशत की राशि मिलने वाली थी। उस राशि की क्या प्रक्रिया होगी और यदि यह राशि सही समय पर जमा नहीं होगी तो उन्हें ब्याज भी नहीं मिल पाएगा और सीधा उन्हें कोई फायदा भी नहीं हो पाएगा।

### आखिर ये सभी शिक्षक का मामला ही क्या हैं.....

नेशनल पेंशन योजना के तहत देवभोग ब्लॉक के समस्त शिक्षकों के वेतन से 10 फ़ीसदी राशि की 2012 से कटौती शुरू हुई थी। और मार्च 2022 तक कुल 96 किश्त काटी गई थी। लेकिन जब एक अप्रैल से शिक्षक नियमित हुए तब से एन पी एस की कटौती बंद हो गई थी। लेकिन एन पी एस खाते में लगभग 600 शिक्षकों की 30 से 35 किस्त की राशि अब तक जमा नहीं हुई है। और और यह कटौती की राशि लगभग तीन करोड़ की होती है जिसे लेने के लिए ये सभी शिक्षक लगातार संघर्ष कर रहे हैं ।और अपनी मांगों को प्रमुखता से उठा रहे हैं।




## अपहरण कर मारपीट की घटना घटित करने वाला आरोपी गोहद चौराहा पुलिस की गिरफ्त में

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद-** पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कमलेश खरपुसे तथा प्रभारी एसडीओपी गोहद आर के एस राठौर के नेतृत्व में आचार संहिता के दौरान फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु सभी थाना प्रभारीयो को निर्देशित किया गया है इसी तारतम्य में आज थाना प्रभारी गौहद चौराहा निरीक्षक रविन्द्र शर्मा तथा गोहद थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सतानकर के द्वारा अपहरण अप्राकृतिक कृत्य व मारपीट के आरोपी जीतू उर्फ जितेंद्र पुत्र अर्जुन सिंह जाटव उम्र 22 साल निवासी ग्राम बिछोली थाना पावई को मेहगांव बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन एमपी 07ġ 6040 को आरोपी के घर ग्राम बिछोली से जप्त किया गया । दिनांक 07 -01-22 को फरियादी सुरेंद्र जाटव पुत्र उदय सिंह जाटव उम्र 33 साल निवासी छरेटा थाना एंडोरी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लिखाई थी की बूटीकुंईयां के पास उसे गाड़ी से जबरदस्ती उतार कर अपनी बोलेरो कार में पवन और उसका भाई जीतेंद्र निवासी बिछोली तथा कमल नागर बिठा कर ले गए और डांग पहाड़ मैं ले जाकर जाकर उसकी मारपीट की तथा उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया उक्त घटना पर से आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 08 / 22 धारा 341, 323 294 ,506 ,34 भादवी का पंजीबद्ध किया गया तथा विवेचना के आधार पर धारा 365 ,377 भादवि का ईजाफा किया गया । आरोपी कि गिरफ्तारी में थाना प्रभारी गोहद चौराहा निरीक्षक रविंद्र शर्मा, गोहद् थाना प्रभारी राजेश सातनकर व उनकी टीम, सहायक उपनिरीक्षक बाबू सिंह जादौन ,प्रधान आरक्षक रामवीर सिंह, आरक्षक रामकुमार तोमर व की मुख्य भूमिका रही

## राजमाता विजयराजे सिंधिया महिला क्रिकेट एकेडमी में बालिकाओं के लिए निशुल्क प्रशिक्षण 5 जून से

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-**शिवपुरी जिला क्रिकेट एसोसिएशन एवं राजमाता विजय राजे सिंधिया महिला क्रिकेट अकादमी द्वारा बालिकाओ के लिए निशुल्क कोचिंग कैंप 5 जून से शाम 4~00 से 6~30 बजे लगाया जा रहा है। उक्त जानकारी शिवपुरी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री संजय सांखला एवं राजमाता विजय राजे सिंधिया महिला क्रिकेट एकेडमी की अध्यक्ष शशि शर्मा ने दी। इच्छुक बालिका खिलाडी पोलो ग्राउंड पर कोच संजय चौहान से संपर्क कर सकते है।




## ग्राम डांग तथा तेहरा में थाना प्रभारी गोहद चौराहा रविन्द्र शर्मा ने किया मार्च पास्ट तथा लोगो से संवाद।

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद-** थाना प्रभारी गोहद चौराहा निरीक्षक रविन्द्र शर्मा द्वारा ग्राम डांग तथा ग्राम तेहरा मैं अपने बल के साथ मतदान केंद्रों का भ्रमण किया तथा लोगों से संवाद किया। संवाद के दौरान थाना प्रभारी द्वारा लोगों को अवैध शराब के विक्रय व परिवहन, अवैध हथियारों के चुनाव में इस्तेमाल तथा किसी भी अवैधानिक गतिविधि से दूर रहने की हिदायत दी तथा मिलजुल कर आचार संहिता का पालन कराते हुए चुनाव संपन्न कराने का आवाहन किया । ज्ञात रहे ग्राम डांग व ग्राम तेहरा दोनों क्रिटिकल मतदान केंद्रों में सम्मिलित है अतः थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा द्वारा एतिहात बरतते हुए लोगों व उम्मीदवारों को चुनाव प्रक्रिया मैं शांतिपूर्ण तरीके से सम्मिलित होकर चुनाव संपन्न कराने की समझाइश दी । मार्च पास्ट के दौरान सहायक उपनिरीक्षक राघवेंद्र सिंह तोमर, बाबू सिंह जादौन ,अब्दुल समीम ,प्रधान आरक्षक मनोज शुक्ला, रामनिवास दीक्षित ,गंभीर सिंह, रामवीर तोमर आरक्षक राम कुमार तोमर बल मौजूद रहा।



# अम्बाह में बच्चों के खेलने के लिए पार्क मे फिसल पट्टी, झूला जर्जर होने से बच्चे मायूस हो रहे है...

**सुनील तोमर रिपोर्टरअम्बाह...**

**अम्बाह...** अम्बाह नगर पालिका की लगभग जनसंख्या 47,177 है।जो कि जनगणना भारत 2011 द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार है। सौरभ जैन ने बताया कि इतनी जनसंख्या होने के बावजूद भी अम्बाह में कोई अच्छा पार्क नहीं है जिसमें बच्चे खेल सके, झूला झूल सके और आउटडोर गेम खेल सके हा एक है भी कुछ साल पहले टेकचंद जैन स्कूल के सामने एक पार्क बनाया गया था जिसकी कोई दरेशी नही फुब्बारा ग्राउन्ड की तो शुरूआत भी नही हुई पूरा टूटा पडा है उसमें लगे झूले टूट गए हैं, कुछ हट गए



अभी कुछ दिन पहले खराब क्वालिटी की तीस के लगभग सीमेंट की कुर्सी लगाई गई जो सब टूट गई जिसकी वजह से बच्चे गर्मियों की छुट्टियों में खेलने के लिए बहुत ही परेशान होते हैं। टूटे हुए झूला, फिसल पट्टी जर्जर हो चुकी है जिन पर बच्चो को चोटे भी आ जाती हैं। इस पार्क में लगभग प्रतिदिन 500 बच्चे खेलने के लिए आते हैं। फिसल पट्टी, झूला ना होने के वजह से बच्चे मायूस होकर वापस घर चले जाते हैं। इस पार्क पर ना तो सरकार का ध्यान जा रहा है और नही किसी समाज सेवियों का बिना रंगा पुता पार्क आज पिनाहट किले जैसा लग रहा है ...

## प्रदेश में 42 हजार 990 नाम निर्देशन-पत्र जमा




**भोपाल।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत 3 जून तक 42 हजार 990 नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त हुए। नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया 30 मई से शुरू हुई है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि जिला पंचायत सदस्य के लिए 1070, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 3694, सरपंच के लिए 22 हजार 47 और पंच पद के लिए 16 हजार 179 नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत किये गए हैं। जिला पंचायत सदस्य के लिए जिला भोपाल में 26, श्योपुर में 4, मुरैना में 25, भिण्ड में 38, ग्वालियर में 38, दतिया में 11, शिवपुरी में 71, गुना में 16, अशोकनगर में 13, सागर में 34 , टीकमगढ़ में 37, छतरपुर में 12, दमोह में 16, पन्ना में 22, सतना में 78, रीवा में 21, सीधी में 10, सिंगरौली में 21, शहडोल में 26, अनूपपुर में 19, उमरिया में 15, कटनी में 21, जबलपुर में 9, डिंडोरी में 7, मण्डला में 16, बालाघाट में 17, सिवनी में 18, नरसिंहपुर में 2, छिन्दवाड़ा में 26, बैतूल में 29, हरदा में 3, नर्मदापुरम में 12, रायसेन में 35, विदिशा में 13, सीहोर में 25, राजगढ़ में 21, आगर-मालवा में 17, शाजापुर में 29, देवास में 15, खंडवा में 4, बुरहानपुर में 7, खरगोन में 38, बड़वानी में 10, अलीराजपुर में 4, झाबुआ में 11, धार में 41, इंदौर में 6, उज्जैन में 23, रतलाम में 16, मंदसौर में 22, नीमच में 7 और निवाड़ी में 13 अभ्यर्थी ने नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत किया है।

# एन एच हाईवे 719 परआईसर केन्टर और डंपर की हुई भिड़ंत में एक मरा एक घायल

### डंपर का स्टाफ लापता 108 ईमरजैंसी एम्बुलेंस के द्वारा पहुंचाया गया शीघ्र जिला अस्पताल भिंड।



**भिण्ड।** नेशनल हाईवे 719 पर मेहगांव और गोहद के बीच पड़ने वाले गांव मड़ा खेरा पर शनिवार सुबह 3~30 बजे आईसर कैंटर और डंपर की भिड़ंत हो गई जिसमे एक व्यक्ति की जान चली गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और डंपर का स्टाफ लापता है प्राप्त जानकारी के अनुसार भिंड में सुभाष नगर के रहने वाले अकरम पुत्र इस्माइल खान उम्र 36 साल अपने निजी कार्य से ग्वालियर जा रहे थे कि तभी अकरम ने एक पेठा बनाने वाला फल (कुमेडा)से भरी हुई,आईसर कैंटर के ड्राइवर से ड्राइवर से लिफ्ट मांग ली सुबह होने के कारण अकरम को गाड़ी में नींद आ गई और वह सो गया लेकिन गाड़ी जैसे ही मेहगांव और गोहद के बीच मडाखेरा पर पहुंची तो अज्ञात कारणों के चलते आगे खड़े डंपर में टकरा गई जिस कारण आईसर कैंटर के ड्राइवर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई राहगीरों और तथा गुजरते वाहनों की मदद के द्वारा अकरम को गाड़ी से बाहर निकाला गया जिसमें उसे सर और पैर में गंभीर चोट आई तथा इसकी सूचना 108 और डायल 100 को दी गई हंड्रेड के पायलेट मोहित, सैनिक अरविंद 26, हेमंत प्रधान आरक्षक 1312 घटनास्थल पर पहुंचकर कर घायल अकरम को शीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया तथा जितनी भी जानकारी हो सके उसे प्राप्त की प्राथमिक उपचार के बाद अकरम की घायल अवस्था को देखते हुए उसे श्री मेडिकल ऑफिसर द्वारा जिला अस्पताल भिंड के लिए 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के द्वारा रेफर की सूचना दी गई गोरमी थाना 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी और उनके सहयोगी ईएमटी अरविंद भदौरिया ने मुस्तैदी दिखाते हुए शीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे अकरम की गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे शीघ्र जिला चिकित्सालय भिंड में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां उसका उपचार जारी है और पुलिस मामले की की जांच में जुटी।

# केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी कुमार वैष्णव से विभा अवस्थी ने की सौजन्य भेंट छत्तीसगढ़ में रेल सुविधा के लिए की रखी मांग: विभा अवस्थी

## माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी कुमार वैष्णव जी को छत्तीसगढ़ आगमन के लिए निमंत्रण, निवेदन किया -विभा अवस्थी



**रायपुर ~-** छत्तीसगढ़ प्रदेश की रेल सुविधाओं एवं अन्य समस्याओं को मांगों को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री भारत सरकार श्री अश्वनी कुमार वैष्णव जी से रेल भवन नई दिल्ली में भेंट कर दिया प्रदेश की रेल सुविधाओं की मांग को लेकर एवं प्रस्तावित ने रेल मार्ग प्रदेश में एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में रेल निरीक्षण कार्यक्रम के पश्चात प्रदेश में प्राप्त आवेदनों लेकर केंद्रीय रेल मंत्री को ज्ञापन सौंपा एवं प्रदेश में रेल की सुविधा को लेकर जो समस्याएं हैं छत्तीसगढ़ प्रदेश में उन्हें आगमन हेतु आमंत्रित किया कि प्रदेश के विकास में भागीदारी प्रस्तावित योजना को गति प्रदान करें। छत्तीसगढ़ प्रदेश में विभिन्न विषय के लेकर विभा अवस्थी ने कहा रेल मंत्री से भेंट कर यात्री सुविधा समिति नई दिल्ली रेल बोर्ड रेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रदेश के विभिन्न रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण किया गया जिसमें बिलासुर डिवीजन, संबलपुर डिविजन, रायपुर डिवीजन, नागपुर डिवीजन के अंतर्गत आने वाले सभी रेल स्टेशन का निरीक्षण किया गया। जिसमें वरिष्ठ नागरिक बुद्धिजीवी एवम् समिति के द्वारा मांग पत्र प्रस्तुत किया था। उन सभी मांगों के निराकरण के लिए माननीय रेल मंत्री से निवेदन किया। साथ ही विभा अवस्थी कहा कि हमारा मूल उद्देश छत्तीसगढ़ में रेल सुविधा का विस्तार हो।

भारत सरकार के केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी को आवेदन पत्र दिया गया, जिसमे विविध मांगोंको रखा गया। यात्री सुविधा समिति, रेलवे बोर्ड के सुझावों और विचारों की ओर रेल मंत्री आवेदन प्रस्तुत किया, प्रदेश की मांग जिनमें प्रमुख 1. सबसे पहले रायपुर राजधानी रेलवे स्टेशन को सर्व सुविधा एक मॉडल स्टेशन सर्व सुविधा युक्त उच्च स्तरीय स्टेशन बनाने की मांग की गई

2. महासमुंद, बागबाहरा, कोमाखान, खल्लारी रोड ,छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रमुख हिस्से हैं संबलपुर डिविजन से हटाकर रायपुर डिवीजन में जोड़ा जाए यह प्रमुखता से इस बात को इस मांग को रखेगी
3. छत्तीसगढ़ प्रदेश के राजनांदगांव ,डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन जो नागपुर डिवीजन में सम्मिलित है इन्हें भी रायपुर डिवीजन में सम्मिलित की जाने की प्रमुखता से मांग रखी गई
4. छत्तीसगढ़ प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी प्रमुख स्थानों पर रतनपुर महामाया, चंडी माता बागबाहरा, डोंगरगड़ मां बमलेश्वरी देवी निकट रेलवे स्टेशन पर उनकी छायाचित्र एवं स्थान से दूरी संपूर्ण जानकारी स्टेशन पर प्रदर्शित ,प्रदर्शनी के रूप में लगाना चाहिए इसकी मांग भी प्रमुखता से रखी गई
5. छत्तीसगढ़ प्रदेश की रेलवे स्टेशन कोमाखान में क्लिंकर की लोडिंग अनलोडिंग को लेकर स्थानीय नागरिकों का विरोध के प्रतिवेदन प्रमाण पत्र समस्याओं को समाधान के लिए माननीय मंत्री जी को ज्ञापन सौंपा गया।

## नगर पालिका पार्षद प्रत्याशियों के टिकटों का चयन करेगी कांग्रेस की समन्वय समिति.. आशीष

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोहद के अध्यक्ष आशीष गुर्जर ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की अनुशंसा के बाद गोहद में नगर पालिका क्षेत्र के पार्षद प्रत्याशियों के टिकटों के चयन के लिए समन्वय समिति का गठन किया है। यह समन्वय समिति नगर पालिका क्षेत्र के 18 वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशियों के टिकटों का चयन करेगी गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया है ।कि समन्वय समिति में जिला संघ के पूर्व अध्यक्ष बदन सिंह तोमर दद्दू विधायक मेवाराम जाटव पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष भगवती प्रसाद शर्मा ,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राघवेंद्र शर्मा ,वरिष्ठ अभिभाषक मुरारीलाल मुद्गल, ओम प्रकाश गुप्ता, सरदार संतोख सिंह पटेल ,एडवोकेट रवी मुद्गल, पूर्व मंडी अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह तोमर ,डॉ राजेंद्र निगोतिया ,एडवोकेट राघवेंद्र सिंह तोमर ,एडवोकेट दाताराम बंसल ,मुन्नी भटेले, रुस्तम सिंह अजय सिंह उर्फ गुड्डू भदौरिया, उमेश काकर, तोमर ,एडवोकेट कमलेश शर्मा, प्रवेश भटेले ,निसार मोहम्मद मुखिया, रमजानी खान, बालकिशन माहौर ,गणेश राम शर्मा ,टोनी मुद्गल, इत्यादि को समन्वय समिति में रखा गया है यह समिति नगर पालिका क्षेत्र के 18 वार्डों में चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस प्रत्याशियों के टिकटों का चयन करेगी।

# कमिश्नर और आई.जी. फोर्स, मेनपावर और मतपेटी की उपलब्धता की करें समीक्षा

### राज्यन निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने दिये निर्देश

ग्वालियर। संभाग के कमिश्नलर और आई.जी. पंचायत और नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए आवश्येकतानुसार फोर्स, मेनपावर और मत पेटियों को एक से दूसरे जिले में भेजने की समीक्षा करें। राज्यु निर्वाचन आयुक्तय श्री बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश सभी संभागों के कमिश्न र और आई.जी. पुलिस को निर्वाचन की तैयारियों और निर्वाचन से संबंधित सुरक्षा व्यनवस्था की समीक्षा बैठक में दिये। श्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यमम से निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की।



श्री सिंह ने कहा कि पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन साथ-साथ हो रहे हैं, अत- सुरक्षा एवं कानून व्यंवस्थास पर विशेष ध्यायन देने की जरूरत है। प्रदेश में निष्पमक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए हर संभव कदम उठायें। ऐसा प्रयास हो कि कहीं भी अप्रिय स्थिति नहीं बने। जिलेवार समीक्षा कर लें। श्री सिंह ने कहा कि स्थानीय निकायों के निर्वाचन से संबंधित महत्वापूर्ण अधिनियम और निर्वाचन के दौरान कानून एवं व्योवस्थाक संबंधी पुस्तिका जरूर पढ़ लें। श्री सिंह ने कहा आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करें। प्रतिबंधात्म?क कार्यवाही, एनएसए, अवैध शराब की बिक्री पर रोक आदि की कार्यवाही करवायें। मतपत्रों की प्रिंटिंग व्यकवस्थाम का निरीक्षण करें, जिससे समय पर कार्य हो सके।

सचिव राज्य् निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने निर्वाचन कार्यक्रम, मतदान दल गठन, सुरक्षा प्रबंध, शस्त्र लाइसेंस निलंबन, संपत्ति विरूपण, आदि के संबंध में चर्चा की। उन्होंतने कहा कि विकासखण्डध स्ततरीय मतगणना का प्रस्तोव आने पर अपने स्तमर पर इसकी समीक्षा जरूर कर लें।

इस अवसर पर ओएसडी श्री दुर्ग विजय सिंह, उप सचिव श्री अरूण परमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नगरीय निकाय के चुनाव में पिछड़ा वर्ग मोर्चा बहुत ही अग्रणी रोल अदा करें-सेंगर



ग्वालियर 04 जून। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा को और अधिक मजबूत करने हेतु संकल्प लिया एवं सभी कार्यकर्ताओं से अपने अपने क्षेत्र में जाकर पिछड़ा मोर्चा के सभी वर्गो से समन्वय बैठाकर ज्यादा से ज्यादा वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में करने का किया और नगरीय निकाय के चुनाव में पिछड़ा मोर्चा बहुत ही अग्रणी रोल अदा करें। उक्त उद्गार आज जिला महामंत्री राजू सेंगर ने होटल प्रहलाद इन में आयोजित भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा के रानी लक्ष्मीबाई मंडल की महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने जिला महामंत्री जी को विश्वास दिलाते हुए का कि जो भी जिम्मेदारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा को दी जाएगी उसे मोर्चा पूरी ईमानदारी से निभाएगा। इस कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री आशु श्रीवास, अभिषेक हरसाना, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी कमल रजक, रामेश्वर प्रजापति, मंडल अध्यक्ष भुपेन्द्र सिंह यादव, छोटे सिंह तोमर, धर्मवीर राठौर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के हेमूकालानी मंडल की बैठक संपन्न

ग्वालियर । हेमूकलाडी मंडल भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर की कामकाजी बैठक आज जिला कार्यालय मुखर्जी भवन महाराज बाड़े पर सम्पन्न हुई। बैठक में पिछडा वर्ग मोर्चा जिले के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव जी ने मंडल काम की समीक्षा की करते हुए काफी तारीफ की और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस कामकाजी बैठक में विशेष रूप से उपस्थित प्रदेश कार्यसमिती सदस्य एंव पूर्व सभापति राकेश महौर, मंडल अध्यक्ष सतीश साहू, जिला महामंत्री अभिषेक हरसाना, जिला उपाध्यक्ष एवं हेमूकलाडी मंडल के प्रभारी नारायण प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर राठौर, जिला मीडिया प्रभारी कमल रजक, रामेश्वर प्रजापति, रामकिशन प्रजापति, रॉकी रजक, नीरज लोधी, सतीश कौरव, मनीष कौरव एवं समस्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा हेमूकलाडी मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### थाना मुरार पुलिस ने महिला के साथ लूट करने वाले लुटेरों के दूसरे साथी को भी किया गिरफ्तार

ग्वालियर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर जिले में लूट की घटनाओं का खुलासा कर घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाशों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को दिनांक 03.06.2022 को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना मुरार क्षेत्रांतर्गत जडेरूआ बांध स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर के पास महिला से लूट करने वाले बदमाशों के दूसरे साथी को थाना पड़ाव क्षेत्र स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के पास में देखा गया है। सूचना पर से एसएसपी ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर (शहर पूर्व/अपराध) श्री राजेश दण्डोतिया को थाना मुरार के पुलिस बल की टीम बनाकर उक्त लूट के आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। अति0 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर (शहर पूर्व/अपराध) के निर्देशों के परिपालन नगर पुलिस अधीक्षक मुरार श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुरार निरी0 शैलेन्द्र भार्गव के नेतृत्व में पुलिस बल की टीम को मुखबिर के बताये स्थान मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर भेजा गया। पुलिस टीम को वहां एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया, जिसने पुलिस टीम को अपनी ओर आता देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम द्वारा उक्त संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। उक्त पकड़े गये संदिग्ध व्यक्ति से दिनांक 13.05.2022 को प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर के पास महिला से हुई लूट की बारदात के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसके द्वारा अपने दो साथियों के साथ मिलकर उक्त महिला के साथ लूट की गई थी। पुलिस टीम द्वारा हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उसने थाना पड़ाव व गोले का मंदिर में चैन लूट की बारदात को अंजाम देना स्वीकार करते हुए बताया कि दिनांक 24.05.2022 को थाना पड़ाव क्षेत्र में उसने अपने साथी के साथ मिलकर नये पुल के नीचे एक महिला से सोने के जेवरात की लूट की थी तथा थाना गोले का मंदिर में दिनांक 11.04.2022 को रमाया होटल के पास एक सोने की चैन भी लूटी थी।

# पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से हों इसके लिए सभी प्रबंधन किए जाएं



### कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने डबरा शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कर दिए निर्देश

ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत आम नर्वाचन एवं नगरीय निकाय निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो, इसके लिये सभी प्रबंध समय रहते कर लिए जाएं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने डबरा अनुभाग क्षेत्र के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को डबरा अनुभाग क्षेत्र के शहरी क्षेत्र में नगरीय निकायों के निर्वाचन के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री प्रदीप कुमार शर्मा को निर्देशित किया है कि नगरीय निकाय निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से हों, इसके लिये सभी एहतियाती प्रबंधन किए जाएं। उन्होंने कहा है कि शहरी क्षेत्र के समस्त मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिन मतदान केन्द्रों में मरम्मत कार्य अथवा सुधार कार्य की आवश्यकता है उनमें तत्काल कार्रवाई की जाए।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने यह भी निर्देशित किया है कि मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों पर प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ गर्मी के मौसम को देखते हुए शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। मतदान कराने पहुँचे दल को मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए। मतगणना हेतु स्ट्रांग रूम के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने समीक्षा के दौरान यह भी निर्देशित किया है कि राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के थाना प्रभारियों के साथ भ्रमण करें और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ बाउण्ड ओव्हर की कार्रवाई भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने शहरी भ्रमण के पश्चात ग्रामीण क्षेत्रों का भी भ्रमण किया और त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के सभी मतदाना केन्द्रों पर भी पुख्ता प्रबंधन हो और कानून व्यवस्था की दृष्टि से राजस्व व पुलिस अधिकारी संयुक्त कार्रवाई करें।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने भ्रमण के दौरान जल संरक्षण के लिये निर्माणाधीन अमृत सरोवरों का भी अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# अनुसूचित जाति वर्ग समाज की मुख्य धारा में शामिल हो इस हेतु केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में जुटी हुई है -शेजवलकर



ग्वालियर। अनुसूचित जाति वर्ग समाज की मुख्य धारा में शामिल हो इस हेतु केंद्र की मोदी सरकार ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए स्वसहायता समूह के माध्यम से रोजगार देने का प्रायस किया, जिसके सार्थक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। यही कारण है कि आज दलित, गरीब बस्ती में रहने वाली बहनें बरी, पापड़, अचार, मोमबत्ती, अगरबत्ती जैसे कार्य स्वसहायता समूह के माध्यम से कार्य कर रही हैं और रोजगार पा रही हैं। उक्त उद्गार आज सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने निम्मा जी की खो में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित चैपाल कार्यक्रम में हितग्राहियों से संवाद करते हुए मुख्य अतिथी की आसंदी से व्यक्त किए।

श्री शेजवलकर ने कहा कि जन धन योजना के तहत लगभग 45 करोड़ देशवासियों को जोड़ा गया है। स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया गया, देश में 11 करोड़ से अधिक शौचालय बने और छ लाख से अधिक गांव खुले शौच मुक्त हुए हैं। उज्जवला योजना के तहत देश की महिलाओं को धुएं से आजादी मिली और 9 करोड़ से अधिक परिवारों को पीने का स्वच्छ जल उपलब्ध कराया है।

श्री शेजवलकर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की शिवराज सरकार ने बच्ची के जन्म से लेकर उसकी पड़ाई और उसके विवाह तक की चिंता करते हुए योजना बनाई। वहीं समाज का गरीब वर्ग स्वस्थ रहे हेतु आयुष्मान योजना के माध्यम से पांच लाख तक का इलाज किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संतोष गोडयाले ने की। इस अवसर पर मंच पर राकेश माहौर, केशव सिंह मंसूरिया, गब्बर जाटव, राजू पलैया, जिला मीडिया प्रभारी मुरारीलाल मित्तल, गोपाल जाटव, कुलदीप निधार उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन राजा खटीक ने एवं आभार रवि कौशल ने व्यक्त किया।

## बरसात से पहले करें सभी नालों की सफाई: निगमायुक्त श्री कन्याल

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने शहर में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को शहर को साफ व स्वच्छ बनाये रखने के लिये आवशयक दिशा निर्देश दिये। निगमायुक्त श्री कन्याल ने सुबह सबसे पहले हुरावली स्थित नाले का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात से पहले सभी नाले नालियों की सफाई सुनिश्चित कर ली जाए।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रेक्षक राज्यन निर्वाचन आयोग के आँख और कान हैं - आयुक्त। श्री बसंत प्रताप सिंह

ग्वालियर। राज्यय निर्वाचन आयुक्तर श्री बसंत प्रताप सिंह ने कहा कि निर्वाचन प्रेक्षक राज्यि निर्वाचन आयोग के ऑख और कान की भूमिका का निर्वहन करते हैं। प्रेक्षकों से आयोग को वस्तुा स्थिति की जानकारी मिलती है। श्री सिंह निर्वाचन प्रेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंचने निर्वाचन कार्यक्रम के बारे में प्रेक्षकों को जानकारी दी। श्री सिंह ने प्रेक्षकों से कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के हर स्तेर पर नजर रखें। यह सुनिश्चित करें कि आयोग के निर्देशानुसर कार्यवाही हो। उन्होंचने कहा कि मतगणना स्थकल और स्ट्रांकग रूम की आवश्यिक व्यगवस्थाषओं की समीक्षा कर लें। कहीं कोई सामस्या् हो तो आयोग को अवगत करावें। राज्यि स्त्रीय मास्टार ट्रेनर से.नि. आईएएस श्री डी.पी. तिवारी ने चुनाव के दौरान प्रेक्षकों की भूमिका के संबंध में विस्तारर से जानकारी दी। उन्होंषने कहा कि प्रेक्षकों का दायित्वग है कि निर्वाचन शांतिपूर्ण और भय, दबाव एवं प्रलोभन से मुक्तर वातावरण में हो। यह देखें कि जिले में आदर्श आचरण संहिता का पालन समुचित रूप से सुनिश्चित हो। मतदाताओं को बेहचक अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सभी आवश्येक प्रबंध करायें। मतदान केन्द्रों का आकस्मिक भ्रमण करें। निर्वाचन कार्य में लगने वाले प्रपत्रों एवं अन्य निर्वाचन सामग्री की उपलब्धवता की समीक्षा कर लें। आयोग को समय पर ऑनलाइन रिपोर्ट भेजें। सचिव राज्यि निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह, ओएसडी श्री दुर्ग विजय सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**निर्वाचन प्रेक्षक :** राज्या निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन के पर्यवेक्षण के लिए प्रत्येनक जिले में निर्वाचन प्रेक्षक नियुक्तक किये गए है। सेवानिवृत्तच आईएएस/राज्यि प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को प्रेक्षक नियुक्ते किया गया है। जिला मुरैना में श्री रविन्द्र कुमार मिश्रा, श्यो पुर में श्री रामप्रसाद भारती, भिंड में श्री नरेन्द्र कुमार त्रिवेदी, ग्वालियर में श्री बी.एम. शर्मा, शिवपुरी में श्री अनूप तिवारी, दतिया में श्री हरिशंकर रावत, गुना में श्री विजय अग्रवाल, अशोकनगर में श्री अशोक कुमार शर्मा, उज्जैन में श्री डी.पी. तिवारी, नीमच में श्री प्रकाश व्यास, रतलाम में डॉ. अशोक कुमार भार्गव, शाजापुर में श्री अरूण कुमार तोमर, आगर-मालवा में श्री महेंद्र सिंह भिलाला, मंदसौर में श्री रामेश्वेर गुप्तार, देवास में श्री चतुर्भुज सिंह, भोपाल में श्री राजेश कुमार जैन, सीहोर में श्री प्रदीप खरे, विदिशा में श्री एस.एन. रूपला, राजगढ़ में श्री राजेंद्र सिंह, रायसेन में श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव, नर्मदापुरम में श्री डी.डी. अग्रवाल, हरदा में श्री एस.के. उपाध्याय, बैतूल में श्री राजेंद्र कुमार राय, शहडोल में श्री शिवानंद दुबे, अनूपपुर में श्री व्हीए.के. चतुर्वेदी, उमरिया में श्री आर.आर. वामनकर, इंदौर में श्री एस.बी. सिंह, झाबुआ में श्री एस.एस. राठौर, अलीराजपुर में डॉ. रामप्रकाश तिवारी, धार में श्री अशोक कुमार वर्मा, खरगोन में श्री पी.एल. सोलंकी, बड़वानी में श्री पी.के. वर्मा, खंडवा में श्री कृष्णमोहन गौतम, बुरहानपुर में श्री अशोक कुमार व्यास, सागर में श्री निसार अहमद,नरसिंहपुर में श्री अमर सिंह चंदेल, छिंदवाड़ा में श्री राजा सिंह परिहार, सीधी में श्री आर.एस. कनेरिया और सिंगरौली में दिनेशचन्द्रो सिंघी को निर्वाचन प्रेक्षक बनाया गया है।

**ग्वालियर एनआईसी से जुड़े प्रेक्षकगण**

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षकगणों के लिये हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में ग्वालियर कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष से ग्वालियर के लिये नियुक्त प्रेक्षक श्री बी एम शर्मा, मुरैना के प्रेक्षक श्री आर के मिश्रा, श्योपुर के प्रेक्षक श्री भारती और अशोकनगर के प्रेक्षक भी शामिल हुए। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनोद भार्गव भी उपस्थित थे।

### कमिश्नरर और आई.जी. फोर्स, मेनपावर और मतपेटी की उपलब्धथता की करें समीक्षा

**राज्यन निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने दिये निर्देश**

ग्वालियर। संभाग के कमिश्नार और आई.जी. पंचायत और नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए आवश्येकतानुसार फोर्स, मेनपावर और मत पेटियों को एक से दूसरे जिले में भेजने की समीक्षा करें। राज्यु निर्वाचन आयुक्तय श्री बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश सभी संभागों के कमिश्न र और आई.जी. पुलिस को निर्वाचन की तैयारियों और निर्वाचन से संबंधित सुरक्षा व्यनवस्था की समीक्षा बैठक में दिये। श्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्येम से निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की। श्री सिंह ने कहा कि पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन साथ-साथ हो रहे हैं, अत- सुरक्षा एवं कानून व्यंवस्थास पर विशेष ध्यायन देने की जरूरत है।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478